हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 10 मार्च 2025

तापमान

अधिकतम 35.4 डिग्री

न्यूनतम 18.5 डिग्री



अवैध पार्किंग व सड़क पर सब्जी दुकान का संचालन होने के कारण बृहस्पति बाजार में आए दिन लग रहा है जाम।



## खबर संक्षेप

### संविदा पदों की कौशल परीक्षा 17 को

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वर्ष 2023-24 में जारी विज्ञापन अनुसार विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें से 9 पदों पर दावा-आपत्ति निराकरण सूची जारी की गई है। जिसमें से 6 पदों सेकरेट्रियल असिस्टेंट, जूनियर सेकरेट्रियल असिस्टेंट-पीएडीए एवं जूनियर सेकरेट्रियल असिस्टेंट-यूएचडब्ल्यूसी के लिए शासकीय आईटीआई कोनी, स्टाफ नर्स के लिए शासकीय जीएनएम प्रशिक्षण केन्द्र जिला अस्पताल, प्रोग्राम एसोसिएट-एनटीईपी एवं टीबीएचई-एनटीईपी के लिए शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल राजेन्द्र नगर नेहरू चौक में आयोजित की गई है। कौशल परीक्षा 17 मार्च को सुबह 10 बजे से होगी।

# डीएमएफ के 20 करोड़ से होने हैं शहर विकास और सौंदर्यीकरण के काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

शहर में विकास कार्यों के लिए डीएमएफ फंड से स्वीकृत 20 करोड़ रुपए की राशि का आबंटन किया गया है। इस राशि से तिफरा स्थित हाइटेक बस स्टैंड में सुविधाओं में बढ़ोतरी, देवकीनंदन दीक्षित सभा गृह का उन्नयन, बृहस्पति बाजार में मल्टीलेवल सब्जी मार्केट, 98 साल पुराने राम सेतु सहित उद्यानों के सौंदर्यीकरण के काम और स्कूलों में नए भवन एवं मरम्मत के कार्य होने हैं। इनमें से कुछ काम पूरे हो गए हैं तो कुछ के काम जारी हैं। बस स्टैंड और चिंगराजपारा स्कूल में आधे से अधिक काम पूरा भी हो गया है, देवकीनंदन दीक्षित सभा गृह को हैंडओवर कर दिया गया है।

कलेक्टर अवनीश शरण ने शहर के विकास के लिए जिला खनिज न्यास से राशि स्वीकृत कराते हुए काम कराने का आदेश अधिकारियों को दिया था। इनमें से अधिकांश काम निगम से संबंधित हैं। कलेक्टर ने इन कामों को 6 महीने में पूरा करने के निर्देश दिए थे, हालांकि इसमें काफी सुस्ती रही। पहले तो खनिज न्यास से कामों के लिए राशि के आबंटन में परेशानी हुई तो बाद में ठेकेदारों ने लापरवाही बरती। साल भर बाद भी कई काम हैं जो कि पूरे नहीं हो सके हैं। फंड नहीं मिलने के कारण करीब 6 महीने तक कामों पर ब्रेक लगा रहा।

- देवकीनंदन दीक्षित सभा गृह का उन्नयन पूरा, राम सेतू का काम शुरू नहीं
- तिफरा बस स्टैंड का काम काम जारी, उद्यानों के सौंदर्यीकरण अटका

### बजट में देरी से काम में सुस्ती



### इन कार्यों में खर्च होनी है राशि

- अरपा पुल राम सेतु सौंदर्यीकरण: 2.50 करोड़
- हाइटेक बस स्टैंड में विकास कार्य: 2.50 करोड़
- बृहस्पति बाजार में मल्टीलेवल मार्केट: 10.00 करोड़
- उद्यानों के सौंदर्यीकरण: 2.50 करोड़
- सिम्स रोड चौड़ीकरण: 2.50 करोड़

### जल्द होंगे पूरे काम

डीएमएफ फंड में बजट आबंटन की कोई समस्या नहीं है। अधिकांश कामों के लिए राशि जारी कर दी गई है। ठेकेदारों का बिल भी समय पर भुगतान हो रहा है। जिन लोगों ने उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा कर दिया है उनकी राशि जारी हो रही है। जल्द ही शहर विकास और सौंदर्यीकरण के सभी काम पूरे कर लिए जाएंगे।

**- राजकुमार मिश्रा**
चीफ इंजीनियर, नगर निगम

### दो स्कूलों में साढ़े तीन करोड़ का काम

जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के मद से स्कूलों का उन्नयन भी कराया जा रहा है। इसमें स्कूलों में सामग्री एवं उपकरण सुविधाओं के साथ नए कमरे बनाने और मरम्मत पर राशि खर्च हो रही है। हाई स्कूल चिंगराजपारा के लिए पौने दो करोड़ और एमएलबी स्कूल के लिए पौने दो करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। निगम ने टेंडर कराते हुए काम शुरू भी करा दिया, लेकिन बाद में जानकारी मिली की इसके लिए राशि का आबंटन ही नहीं हो सका। टेंडर के बाद ठेकेदार ने काम भी पूरा कर लिया। बाद में राशि जारी होने के बाद बिल भुगतान किया जा रहा है।

### राम सेतु व गार्डनों के लिए ढाई करोड़

अरपा के सबसे पुराने पुल जिसे हाल ही में राम सेतु का नाम दिया गया है, को धरोहर के रूप में संरक्षित करने तथा शाम को सैर के लिए पहुंचने वालों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ढाई करोड़ रुपए खर्च किए जाने हैं। इसके लिए राशि मिल गई है। पार्षद विजय ताम्रकार के अनुसार जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। कंपनी गार्डन सहित विभिन्न उद्यानों में लाइटिंग, पाथवे, बैठने के लिए कुर्सियों, खेलकूद के उपकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य कराए जाने हैं, इस पर भी ढाई करोड़ की राशि खर्च होनी है, लेकिन बजट ही नहीं है।

### तिफरा बस स्टैंड में बन रहा रैन बसेरा



डीएमएफ फंड का इस्तेमाल तिफरा स्थित जीर्ण शीर्ण हो चुके बस स्टैंड में जलभराव की समस्या दूर करने, ड्रेनेज सिस्टम, सड़क, और यात्री सुविधाओं के विस्तार के कार्यों पर खर्च किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक 1 करोड़ 95 लाख 79 हजार की लागत से इस हाइटेक बस स्टैंड का उन्नयन हो रहा है। इसमें उन्नत विद्युतीकरण, पानी के लिए पाइपलाइन, बिल्डिंग मरम्मत समेत रंग-रोगन किया जा रहा है। पूरे परिसर में 50 सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं। इसकी मॉनिटरिंग के लिए स्टैंड परिसर में एक सर्विलांस रूम भी बनाया जा रहा है, जो सुरक्षा के लिहाज से उपयोगी होगा। यात्रियों को बसों की जानकारी, समय सारणी समेत अन्य सूचनाओं के लिए डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाया जाएगा। वहीं, यात्रियों के ठहरने के लिए रैन बसेरा भी बनेगा। इसमें महिला और पुरुष यात्रियों के लिए अलग टॉयलेट और शयनकक्ष की व्यवस्था रहेगी। टर्मिनल बिल्डिंग के अंदर नई लाइट और पंखे लगाए जा रहें हैं। नई कुर्सियां और बस के कर्मचारियों एवं यात्रियों के लिए बने पार्किंग स्टैंड को सुधार कर नया बनाया जाना है। इसका भी 50 प्रतिशत से अधिक काम पूरा कर लिया गया है।

# सुपर संडे के दिन भारत की विराट जीत पर शहर के खेल प्रेमियों ने मनाया जश्न





बिलासपुर। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल रविवार को खेला गया, जिसमें भारत की टीम ने विराट जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। इस मैच को शहर में विभिन्न जगहों में बड़ी-बड़ी स्क्रीन पर देखा गया, जहां बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी एकत्रित रहे। दोपहर में फर्स्ट इनिंग होने से मुख्य मार्गों पर सन्नाटा छाया रहा और शाम होते ही चौक-चौराहों में खेल प्रेमियों का हुजूम नजर आने लगा। भारत के मैच जीतते ही शहर के युवाओं ने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। शहर में देर रात तक बम के धमाकों की आवाज गूंजती रहीं।

# एक ही दिन 24 फीडर की सप्लाई बंद, हलाकान रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 132 केवी तिफरा सबस्टेशन में रखरखाव के लिए सप्लाई की गई ठप
- सुबह 9 से 12 बजे तक रही बिजली बंद

होली त्योहार के ठीक पहले बिजली विभाग ने 132 केवी तिफरा सबस्टेशन में रखरखाव करने बिजली सप्लाई बंद की गई। इस दौरान सुबह 9 से 12 बजे तक 24 फीडरों में बिजली बंद होने के कारण उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, बिजली बंद की वजह से उपभोक्ताओं के रोजमर्रा के काम प्रभावित हुए।

रविवार को तिफरा सबस्टेशन से निकलने वाली सप्लाई करीब ढाई घंटे के लिए बंद रखी गई। इस दौरान सबस्टेशन और फीडरों का रखरखाव किया गया। रेलवे लोको व तखतपुर क्षेत्र के उच्च दाब कनेक्शन बंद रखे गए। इस दौरान जहां 132 केवी सबस्टेशन में मेंटनेंस का काम किया गया, वहीं 11 केवी के फीडरों में भी आवश्यकत कार्य किए गए। खास बात यह है कि गर्मी और होली को देखते हुए छुट्टी के दिन विभाग ने सप्लाई बंद कर दी, इस दौरान लोगों को मोबाइल मैसेज के माध्यम से बिजली बंद की सूचना दी गई थी।

### सिटी सर्किल का हाल बेहाल

बिजली बंद होने के कारण सिरगिट्टी फीडर, अज्ञेय नगर, तारबहार, हाईकोर्ट, हंसा विहार, विद्या नगर, मेग्नेटो माल, रेलवे लोको, महर्षि, जतिया तालाब, मुंगेली रोड, सर्किट हाउस, रिंग रोड, ओम नगर, भारतीय नगर, मगर पारा, वेयरहाउस रोड फीडर बंद रही। इस दौरान शहर में आधे इलाकों में बिजली ठप रहने के कारण लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब 38 इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहने के कारण गर्मी से बेहाल होना पड़ा। इस दौरान शेड्यूल के अनुसार विभाग ने भले ही 9 से 11 बजे तक की बिजली बंद की थी लेकिन सप्लाई नार्मल करने में ढाई घंटें का समय विभाग को लग गया।

### सरजू बगीचा में फाल्ट खोजते रहे कर्मचारी

गोल बाजार जोन के अंतर्गत बृहस्पति बाजार फीडर और तेलीपारा फीडर में रविवार को बिजली की आंखमिचौली जारी रही, अत्यधिक लोड होने के कारण दोपहर में एक के बाद एक 4 से 5 बार बिजली बंद होती रही, इस दौरान ट्रीपिंग की सप्लाई को देखते हुए बिजली विभाग की टीम फाल्ट खोजते रहे । आखिरकार शाम 6 बजे के बाद सप्लाई नार्मल हो सकी।

# घायल जू कीपर को रिफर किया गया रायपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानन पेण्डारी मीडियम जू के रेस्क्यू सेंटर में रखी गई बाघिन ने भोजन देने के लिए गए जू कीपर के हाथ को काट दिया था, जिसे सिम्स में प्राथमिक उपचार करने के बाद रविवार की सुबह रायपुर में रिफर कर दिया गया है।

पिछले एक सप्ताह से बिलासपुर वन मंडल और अचानकमार टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में वन्यप्राणियों का इंसानों पर लगातार हमला हो रहा है। पहले अचानकमार टाइगर रिजर्व के सिंहावल क्षेत्र में एक पालतू हाथी ने चौकीदार को सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया था। इसके बाद बिलासपुर वन मंडल के तखतपुर वन परिक्षेत्र के कठमुंडा में बाघ ने खेत में पानी डालने के लिए गए किसान पर हमला कर दिया। शनिवार की शाम को कानन पेण्डारी मीडियम जू में गनियारी निवासी आशीष कौशिक पिता संतूराम कौशिक पिछले 11 साल से जू कीपर का काम कर रहा है। चार साल से आशीष कौशिक टाइगर को भोजन देने का काम करता है। शनिवार की शाम 7 बजे आशीष कौशिक रेस्क्यू सेंटर में बने केज में रखे गए टाइग्रेस आनंदी को भोजन देने के लिए गया हुआ था। भोजन देने के दौरान टाइग्रेस आनंदी ने जू कीपर आशीष कौशिक के बाएं हाथ को काट दिया। टाइग्रेस के अचानक काटने से जू कीपर ने हल्ला मचाना शुरु किया, जिससे मौके पर पहुंचे स्टाफ ने अधिकारियों के आदेश पर उसे उपचार के लिए सिम्स में पहुंचाया। सिम्स में उसका उपचार करने के बाद डॉक्टरों ने रायपुर रिफर कर दिया है। रायपुर में जू कीपर को लेकर कानन पेण्डारी जू के रेंजर शिव कुमार नाग गए हैं, जो उसके उपचार की पूरी देखरेख कर रहे हैं ताकि उपचार का खर्च विभाग दे सके।



कानन पेंडारी में भोजन देने के दौरान टाइगर ने काटा था हाथ

### कहीं भी नहीं है टाइगर : डीएफओ

पिछले दो तीन दिन से तखतपुर के कठमुंडा में टाइगर के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया था। इसकी सूचना मिलने के बाद बिलासपुर वन मंडल, अचानकमार टाइगर रिजर्व और कानन पेण्डारी जू की रेस्क्यू टीम भी टाइगर की खोजबीन करने के लिए मौके पर डटी थी। इस दौरान थर्मल ड्रोन से भी टाइगर की खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चल सका है। शनिवार को डीएफओ सत्यदेव शर्मा ने टाइगर के जंगल की ओर जाने की पुष्टि की थी। इस दौरान सोशल मीडिया में तखतपुर क्षेत्र में टाइगर के मवेशियों का शिकार करने की अफवाह से ग्रामीण फिर दहशत में आ गए थे। इस खबर का खंडन करते हुए बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ सत्यदेव शर्मा का कहना है कि सोशल मीडिया में बाघ का जो वीडियो वायरल हो रहा है वह बिलासपुर के तखतपुर एरिया का नहीं है। बाघ रिहायशी एरिया से बाहर जंगल की ओर जा चुका है। अगर किसी भी प्रकार के प्रमाणिकता की जरूरत हो तो नजदीकी वन विभाग कार्यालय व अधिकारी से संपर्क करें।

### एनएचएआई द्वार किया जा रहा है सर्विस रोड निर्माण, 5 माह में काम होगा पूरा

# ब्लैक स्पाट सेंदरी में दुर्घटना रोकने की कवायद, अप्रैल में तैयार होगी सड़क



### उठी थी मांग, लोगों को करना पड़ा था प्रदर्शन

सड़क निर्माण में की गई लापरवाही का नतीजा है कि यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। यातायात व प्रशासन ने दुर्घटनाओं को रोकने ब्रेकर और रेलिंग का निर्माण कराया है, इसके बावजूद दुर्घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है। वहीं सर्विस रोड़ और अंडर ब्रिज बनाने के लिए आम लोगों ने प्रदर्शन किया। इसी बीच हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई गई, जिसके बाद ही एनएचएआई को झुकना पड़ा और सर्विस रोड बनाई जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पेंड्रीडीह-पथरापाली फोरलेन सड़क निर्माण के बाद लोगों के लिए काल बनने वाले सेंदरी सड़क को सुधारने की कवायद एनएचएआई के अधिकारियों के द्वारा की जा रही है। हाईकोर्ट की फटकार के बाद सर्विस रोड बनाने का काम शुरू कर दिया गया है और अप्रैल माह तक सड़क का काम पूरा होने की उम्मीद है।

14 सौ करोड़ की लागत से बनी पेंड्रीडीह से पत्थरापाली सड़क लोगों के लिए सहुलियत बनी है, वहीं लापरवाहीपूर्वक किए गए सड़क निर्माण के चलते 10 से अधिक लोगों को जान गंवानी पड़ी है, ऐसे में यातायात विभाग और एनएचएआई ने इसे ब्लैक स्पाट घोषित कर दिया था। सड़क सुधारने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई और कोर्ट की फटकार के बाद एनएचएआई द्वारा सड़क सुधारी जा रही है। एक्सीडेंटल पाइंट होने के चलते एनएचएआई सर्विस रोड बनाया जा रहा है। इसका निर्माण नंवबर माह से शुरू किया गया है, करीब 5.5 किमी सड़क बनाई जा रही है, यह सड़क अब अंतिम चरण में है। अप्रैल माह तक सड़क बनकर तैयार होगी, जिसके बाद रतनपुर और बिलासपुर की ओर आने के लिए सड़क पार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, सीधे सर्विस रोड़ के सहारे रतनपुर से बिलासपुर की ओर आया जा सकेगा। वहीं नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इंडिया निर्माण में काफी सतर्कता बरत रही है, जिसके चलते महज 6 माह के भीतर सड़क निर्माण पूरा कराया जा रहा है।

### अप्रैल तक हो जाएगा निर्माण कार्य

सर्विस रोड का निर्माण जारी है, यह सड़क करीब 3.5 मीटर चौड़ी और 5.5 किमी लंबी होगी। इससे आवागमन में आ रही समस्या दूर हो सकेगी। अप्रैल माह तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा किया जा सकेगा।

**- राजकुमार सूर्यवंशी,** मैनेजर, एनएचएआई



9 MARCH- BSP-PG-2_Layout 1 3/10/2025 12:11 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### डॉ. अल्का की पुस्तक नदी संवाद का विस अध्यक्ष ने किया विमोचन



**बिलासपुर।** वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अल्का यादव की नवीनतम पुस्तक नदी से संवाद का विमोचन छग विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और मंत्री केदार कश्यप, बिलासपुर के पार्षद संजय यादव उपस्थित रहे। डॉ. रमन सिंह ने कहा यह पुस्तक नदियों और समाज के रिश्ते को समझने में सहायक होगी और हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाएगी। विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला और मंत्री केदार कश्यप ने भी डॉ. अल्का यादव के योगदान की प्रशंसा की। डॉ. अल्का की यह पुस्तक न केवल नदी और प्रकृति के महत्व को उजागर करती है, बल्कि समाज और संस्कृति के साथ उनके संबंधों पर भी गहन दृष्टि डालती है। इस पुस्तक में आदिवासी समुदायों की परंपराओं, उनकी संस्कृति और उनके जीवन मूल्यों को भी स्थान दिया गया है। डॉ. यादव ने अपने साहित्यिक लेखन के माध्यम से हमेशा आदिवासी समाज की समृद्ध धरोहर को संरक्षित और प्रोत्साहित करने का कार्य किया है।

### तुलसी साहित्य अकादमी के डॉ राघवेन्द्र का सीएम ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** छग राजभाषा आयोग के रायपुर में आयोजित आठवें प्रांतीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय द्वारा तुलसी साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ इकाई प्रांतीय अध्यक्ष डा राघवेन्द्र कुमार दुबे को छत्तीसगढ़ी साहित्य सृजन, संवर्धन के लिए शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट करके सम्मानित किया गया। यह आयोजन डॉ सुरेन्द्र दुबे, डॉ विनय कुमार पाठक, रामेश्वर वैष्णव, डॉ पीसी लाल यादव के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूरे छत्तीसगढ़ से आए जिला समन्वयक एवं साहित्यकार,कवि, कवयित्रियां उपस्थित थे।

### निर्धन कन्या विवाह में सक्षम के सदस्यों ने दी आर्थिक सहायता



**बिलासपुर।** निर्धन कन्या विवाह में सामाजिक संस्था सक्षम के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आर्थिक तंगी से जूझ रही टिकरापारा की सुश्री देविका का विवाह 2 दिन पश्चात होना है। आर्थिक तंगी से कन्या की माता मानसिक रूप से परेशान थीं। उसने अपनी परेशानी सक्षम के कार्यकर्ताओं को बताई, जिससे सक्षम संस्था के संरक्षक चरणजीत सिंह गंभीर ने सहर्ष कन्या के विवाह के लिए आवश्यक वस्त्र एवं आवश्यक राशन सामग्री उपलब्ध कराई। जिसे सक्षम संस्था के शेफाली घोष, निर्मल घोष, रेखा गुल्ला, मदन मोहन गुल्ला, पूनम पांडेय, राजेश पांडेय, सुमिता दास गुप्ता, अनूप कुमार पांडेय ने कन्या पक्ष को सौंपा। प्राचार्य ने इसके लिए सुश्री देविका का एवं उनकी मां ने सक्षम संस्था का आभार प्रकट किया।

### तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति मनाएगा हिन्दू नव वर्ष 30 को

**बिलासपुर।** तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति द्वारा 30 मार्च रविवार को हिंदू नववर्ष में होने वाले उगादी पर्व को धूमधाम, खेलकूद एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। यह निर्णय समिति द्वारा आयोजित बैठक में लिया गया है। तेलुगू संयुक्त सaमाज कल्याण समिति के सचिव व्ही मधुसूदनराव ने कहा कि तेलुगू संयुक्त समाज के द्वारा बैठक किया गया है। रविकन्ना एवं सह-कोषाध्यक्ष एन लोकेश द्वारा पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष उगादी करने का सुझाव सभी सदस्यों लिया गया। बैठक में उगादी के दिन खेलकूद एवं रंगारंग कार्यक्रम किया जाएगा। इस पर्व में आने वाले अतिथियों के लिए बैठने की व्यवस्था, पीने के लिए पानी की व्यवस्था, गर्मी को देखते हुए कूलरों की व्यवस्था आने वाले दिनों में उगादी पर्व मनाने के लिए आयोजन समिति की और दो बैठकें की जाएंगी। समिति के सदस्यों ने कहा कि समाज का भवन पूर्ण तरह तैयार ना होने के कारण अभी जगह तय नहीं हुआ है। इस बार भी हेमूनगर क्षेत्र में ही पर्व मनाने के लिए जगह तलाश की जा रही है। इस दौरान विधायक अमर अग्रवाल को भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में बी वेणुगोपाल राव, आर श्रीनिवासराव, व्ही मधुसूदनराव, रविकन्ना, एस श्रीनिवासराव, के वेंकेटराव, सी चन्द्रशेखर राव, एम श्रीनू, एन लोकेश, जे जग्गन, सुरेश पटनाला, व्ही रवि, जी व्ही नरसिंगमूर्ति, टी सुर्याराव, जी सन्मुख राव, एन रमन्नामूर्ति, एन संतोष, बी मोहनराव, , व्ही श्यामू, व्ही वेंकट राव, ए संदीप राव, बी रामाराव, डी श्रीनिवासमूर्ति, बी श्रीनिवासराव, एम जी राव, एम एस नारायणा, एम के पटनायक, डी श्रीनिवासमूर्ति, कमलेश कर्री, ए ईश्वर राव, एस गोविंद राव, जीडी राव, डी नारायनन प्रसाद, एस विश्वनाथ राव, एस गोविंद राव, आर श्रीनिवास राव, एसटी श्रीनिवासन राव ई जनार्दनराव, श्रीनू, बालाजी, अमरनाथ बद्री आदि मौजूद थे। बैठक में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

### श्री सर्वेश्वरी समूह ने बांटे फूलझाडू

**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा कोनी सेंदरी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान एवं समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत नगर के सभी धार्मिक स्थलों यथा मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरजाघर आदि में 150 नग फूल झाड़ू और 150 नग खरेटा झाड़ू का निःशुल्क वितरण किया गया। इस आयोजन में आश्रम के रवि कुमार, भगवान दास, संजय मालगे, कृष्ण कुमार पांडे आदि सदस्यों का योगदान रहा। वितरण कार्यक्रम आश्रम कोनी सेंदरी एवं आस पास के गांवों भैरव मंदिर तुलजा भवानी मंदिर महामाया मंदिर रतनपुर से होते हुए शहर के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों में संपन्न किया गया।

---

**रेलवे बोर्ड ने लिया निर्णय** | सभी स्टेशनों पर जल्द ही लागू की जाएगी योजना

# कन्फर्म टिकिट वाले यात्रियों को ही मिलेगी प्लेटफार्म तक जाने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



स्टेशन के प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए यात्रियों को कन्फर्म टिकिट ही रखना पड़ेगा। बिना कन्फर्म टिकिट के यात्रियों को स्टेशन गेट के बाहर रोक दिया जाएगा। इसका निर्णय रेलवे बोर्ड ने लिया है, जिसकी योजना सभी स्टेशनों के साथ बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में भी जल्द लागू की जाएगी।

रेलवे बोर्ड के आदेश पर सभी स्टेशनों के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीन प्रमुख स्टेशन बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग को एयरपोर्ट की तरह और 49 से अधिक छोटे-बड़े स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर पुनर्विकास कार्य शुरु कर दिया गया है। इस योजना के तहत सभी स्टेशन के बाहर और अंदर में यात्रियों की सुविधा के लिए एक मूर्तरूप दिया जा रहा है। करोड़ों की लागत से किए जाने वाले कार्यों में यात्रियों के लिए आने वाले दिनो में कुछ बदलाव भी किए जा रहे हैं। इसके लिए शुक्रवार को रेलवे बोर्ड में एक उच्च स्तरीय बैठक में कई महत्वपूर्ण लिए गए हैं। इसमें मुख्य रूप से 2024 के पर्व के दौरान स्टेशन के बाहर वेटिंग एरिया बनाए गए थे, जिससे सूरत, उधना, पटना और नई दिल्ली में भारी भीड़ को नियंत्रित किया जा सका। यात्रियों को केवल तब प्लेटफार्म पर जाने की अनुमति दी गई जब ट्रेन प्लेटफार्म पर आ गई। इसी तरह की व्यवस्था प्रयाग क्षेत्र के नौ स्टेशन पर महाकुंभ के दौरान की गई थी। इन अनुभव के आधर पर देश के ऐसे स्टेशन पर परमानेंट वेटिंग एरिया बनाने का निर्णय लिया गया है, जहां समय-समय पर भारी भीड़ होती है। वर्तमान में यह योजना नई दिल्ली, आनंद विहार, वाराणसी, अयोध्या और पटना स्टेशनों पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरु कर दिए गए हैं।

#### प्रवेश नियंत्रण होगा लागू

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार स्टेशनों पर पूरी तरह से प्रवेश नियंत्रण लागू किया जाएगा। केवल कंफर्म रिजर्वेशन टिकिट वाले यात्रियों को सीधे प्लेटफार्म तक जाने की अनुमति होगी। बिना टिकिट यात्री या प्रतीक्षा सूची टिकिट वाले यात्री बाहर वेटिंग एरिया में रूकेंगे। सभी अनाधिकृत एंट्री पाइंट को सील किया जाएगा। 12 मीटर 40 फीट और 6 मीटर 20 फीट चौड़ाई वाले दो नए स्टेंडर्ड के फुट ओवरब्रिज डिजाइन किए गए हैं, यह ब्रिज और रैंप महाकुंभ के दौरान भीड़ प्रबंधन में बहुत प्रभावी साबित हुए हैं। इन नए चौड़े एफओबी को सभी स्टेशनों पर स्थापित किया जाएगा। सभी स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी के लिए बड़ी संख्या में कैमरे भी लगाने के कार्य होंगे।

#### विकसित किए जाएंगे वार रूम

बड़े स्टेशन पर वार रूम विकसित किए जाएंगे। भीड़भाड़ की स्थिति में सभी विभागों के अधिकारी वार रूम में कार्य करेंगे। अत्याधुनिक डिजाइन वाले डिजिल संचार उपकरण जैसे वॉकी टॉकी, अनाउंसमेंट सिस्टम और कॉलिंग सिस्टम भारी भीड़ वाले सभी स्टेशन पर लगेंगे। सभी स्टाफ व सेवा कर्मियों को नए डिजाइन के आईडी कार्ड दिए जाएंगे, जिससे केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही स्टेशन में प्रवेश की अनुमति मिलेगी। इसके साथ ही सभी स्टाफ को नए डिजाइन के यूनिफार्म दिया जाएगा, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में उन्हें आसानी से पहचाना जा सके।

---

**उपमुख्यमंत्री ने किया संभागीय सरस मेले का उद्घाटन व सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन**

## ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने का जरिया है सरस मेला



प्रदर्शनी का अवलोकन करते उपमुख्यमंत्री साव सहित अन्य विधायक।

**बिलासपुर।** उपमुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव ने आज मुंगेली नाका मैदान में संभागीय सरस मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने लगाया गया सरस मेला स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और महिलाओं के साथ ही ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने का माध्यम है। समूह की दीदीयां आज आत्मनिर्भर हो रही हैं। अपने परिवार को आर्थिक मदद कर रही हैं।

संभाग के सभी जिलों से दीदियां अपनी कला का प्रदर्शन करने आई। दूसरी महिलाओं को भी यहां आकर उनसे प्रेरणा मिलेगी। श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं चला रहे हैं।

#### प्रदर्शनी 12 तक

उपमुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक धरमजीत सिंह, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, महापौर पूजा विधानी, जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिपं सदस्य, कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह, डीफओ सत्यदेव शर्मा, ननि कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिपं संदीप अग्रवाल, दीपक सिंह आदि मौजूद थे।

#### स्टाल का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान विधायक धरमजीत सिंह, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, महापौर पूजा विधानी, जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिपं सदस्य, कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह, डीफओ सत्यदेव शर्मा, ननि कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिपं संदीप अग्रवाल, दीपक सिंह आदि मौजूद थे।

## जीवन अमूल्य है, सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें



समापन समारोह में उपस्थित अतिथि।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह में सड़क नियमों के प्रति जागरूकता के लिए सघन अभियान चलाया गया। पुलिस परेड मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक दिलीप लहरिया, मेयर पूजा विधानी मंचस्थ रहे। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि आज इस बात की गंभीरता को समझने की जरूरत है कि सड़क दुर्घटना में हो रही मौतों से परिवार बिखर रहे हैं, लोग अपनों को खोने की पीड़ा और त्रासदी को जीवन भर झेलते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के उपाय, सावधानी और सीमित गति से वाहन चलाकर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। श्री साव ने कहा कि यातायात नियमों का पालन अवश्य करें और दूसरों को यातयात नियमों के प्रति जागरूक करें। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार लागातार प्रयास कर रही।



#### साव ने किया सम्मान

इस अवसर एसपी सहित कई सहयोगियों का सम्मान किया। वहीं आईजी संजीव शुक्ला ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतें चिंताजनक तथ्य है, जिसे रोकने सभी की भागीदारी जरूरी है। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना जरूरी है।

#### एसपी ने की अपील

एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा 12428 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उन्होंने अपील की कि वे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों के अमूल्य जीवन की रक्षा करें।

---

**अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हुए शामिल**

## उच्च शिक्षण संस्थान भारतीय ज्ञान परंपरा का केंद्र बनें: प्रो. चक्रवाल



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल, नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। 9 व 10 मार्च को आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय स्वदेशी ज्ञान परंपरा और धारणक्षम विकास रहा।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान रहे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत में वर्तमान और भविष्य की आवश्यक्ताओं का समाधान करने का सामर्थ्य है। श्री प्रधान ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक एवं भाषाई विविधता में एकता का कारण भारतीय ज्ञान परंपरा में अंतर्निहित एकत्व का भाव है। अध्यक्ष प्रो. नारायण लाल गुप्ता ने मुख्यधारा की शिक्षा में स्वदेशी ज्ञान को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

#### भारतीय ज्ञान परंपरा के केन्द्र स्थापित हो

कुलपति प्रो चक्रवाल ने कहा कि देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में भारतीय ज्ञान परंपरा के केन्द्र स्थापित करना चाहिए ताकि प्राचीन एवं आधुनिक ज्ञान का सम्मिश्रण किया जा सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्णित विश्वविद्यालय के आधुनिकीकरण, अंतरराष्ट्रीयकरण तथा भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित विभिन्न आयामों में शोध, अनुसंधान एवं नवाचार का सृजन कर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र के साथ-साथ विश्व गुरु बनाने का सपना साकार किया जा सकता है। प्रो चक्रवाल ने विश्वविद्यालय में जारी शिक्षा और शोध के साथ साथ अनुभवजन्य ज्ञान के भारतीय परंपरा एवं सामाजिक सरोकार से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मंच पर अतिथियों में प्रो. नारायण लाल गुप्ता, महेंद्र कपूर आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रो. गीता भट्ट ने एवं प्रो. रवि टेकचंदानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

## हिन्दू नववर्ष पर निकलेगी शोभायात्रा हनुमान मंदिर में होगी महाआरती 30 को



**बिलासपुर।** हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में नववर्ष मनाने बैठक आयोजित की गई। इसमें 30 मार्च को हिन्दू नववर्ष धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि पुलिस ग्राउंड से 30 मार्च को शोभायात्रा निकलेगी एवं तिलक नगर हनुमान मंदिर में महाआरती के साथ इसका समापन होगा। हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति की बैठक ज्ञानम पैलेस में आहूत की गई। इस बैठक में सभी धर्म प्रेमी सभी राजनीतिक दल से जुड़े हुए प्रतिनिधियों ने इस शोभायात्रा के संदर्भ में अपने विचार रखें। इस वर्ष आयोजन समिति का यह 11 वर्ष होगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभा यात्रा का स्वरूप भव्य एवं दिव्य रहेगा। आने वाले दिनों में नगर के हर मोहल्ले एवं वार्डों में बैठक कर शोभा यात्रा के संदर्भ में प्रचार प्रसार करने का भी निर्णय लिया गया। मंदिर देवालय में भी पोस्टर और बैनर से शोभा यात्रा कर प्रचार प्रसार करने का भी निर्णय लिया गया। सभी धर्म प्रेमियों के बीच एक असीम उत्साह का वातावरण निर्मित हो चुका है। बिलासपुर धरा की पहचान बन चुकी नव वर्ष की शोभायात्रा को अद्भुत आध्यात्मिक और अलौकिक बनाने के लिए सभी धर्म प्रेमी आने वाले दिनों में बढ चढ़कर प्रयास करेंगे।

## रेलवे की विभागीय पदोन्नति परीक्षा कम्प्यूटर आधारित होगी, आदेश जारी

**बिलासपुर।** रेलवे की सभी विभागीय पदोन्नति परीक्षाएं अब रेलवे भर्ती बोर्ड आरआरबी से केन्द्रीयकृत कम्प्यूटर आधारित परीक्षा सीबीटी के माध्यम से कराई जाएगी। इसके लिए सभी जोनल रेलवे एक परीक्षा कैलेंडर तैयार करेंगे और इसी कैलेंडर के आधार पर परीक्षाएं आयोजित होंगी।

▪ रेलवे बोर्ड जोनल के साथ एसईसीआर को दिया आदेश

रेलवे के अनुसार प्रतिवर्ष रेलवे में ग्रुप डी से ग्रुप सी के लिए विभागीय पदोन्नति परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। अब तक यह परीक्षाएं लिखित ली जा रही थीं। वर्ष 2015 से अब तक 7 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों की कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी हैं, जिसमें कोई पेपर लीक, प्रतिरूपण, रिमोट लॉन इन या जासूसी उपकरण के उपयोग की घटनाएं सामने नहीं आई है। इन परीक्षाओं को आयोजित करने के लिए विशेष रूप से एजेंसी का चयन किया जाता है, जिसमें ओपन टेंडर प्रक्रिया द्वारा चयन, क्यूसीबीएस मानदंड के तहत योग्य एजेंसी का चयन, आईएसओ प्रमाणन, वित्तीय योग्यता, सीईआरटी-इन प्रमाणन, सीएमएमआई प्रमाणन अनिवार्य, न्यूनतम पात्रता मानदंड परीक्षा केन्द्रों की संख्या पूर्व अनुभव आदि शामिल है। इसके अलावा उपलब्ध सुविधाओं की जांच के लिए विशेष आडिटिंग चेकलिस्ट, बाहरी शौचालयों की अनुमति नहीं, 100 फीसदी सीसीटीवी कवरेज, रिकार्डिंग परीक्षा शुरु होने से 2 घंटे पहले और 1 घंटे बाद तक जारी रहती है। आईपी आधारित सीसीटीवी निगरानी, उच्च रिजॉल्यूशन एवं विश्वसनीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित, परीक्षा केन्द्रों का चयन व्यवसायिक व आवासीय क्षेत्रों से दूर, न्यूनतम 250 कम्प्यूटर नोड्स क्षमता वाले केन्द्रों को ही चयनित किया जाता है। परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था के तहत हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से गहन तलाशी, बायोमेट्रिक उपस्थिति परीक्षा के बीच में व बायो ब्रेक के दौरान पुनः सत्यापन, हस्तलेखन नमूना लेने के अलावा शिफ्ट व विभिन्न परीक्षाओं में तुलना कर सॉल्वर गैंग की पहचान की जाती है। रेलवे बोर्ड का यह निर्णय पारदर्शी, निष्पक्ष अवसर सुनिश्चित करेगा।

### एक हजार स्कूली बच्चों ने खाई फाइलेरिया की टेबलेट



**बिलासपुर।** रामनारायण शुक्ल द्वारा स्थापित द्वारिका प्रसाद शुक्ला उमा विद्यालय भकुर्रा नवापारा में 6 मार्च को उप स्वास्थ्य केंद्र भकुर्रा नवापारा के आरएचओ जलवती कुर्रे, आंगनवाड़ी सहायिका लक्ष्मीन यादव तथा मितानिनों ने स्कूल के करीबन 1000 बच्चों को एल्बेंडाजोल डीइसी आ इवरमैक्सिन की टेबलेट खिलाया। ताकि भविष्य में हाथी पांव एवं अन्य रोगों से बचा जा सके। इसमें प्राचार्य राम जी राजपूत, मिडिल स्कूल प्रभारी राम शंकर पटेल, प्राइमरी स्कूल प्रभारी मोतीलाल पहाड़ी, प्री प्राइमरी प्रभारी अरुण साहू तथा स्कूल के कर्मचारी अनीता पटेल, गिरिजा पटेल, अंजोरा पटेल का सराहनीय योगदान रहा ।

### जिला चिकित्सालय परिसर स्थित पुराना हनुमान मंदिर के पुनः निर्माण की मांग



**बिलासपुर।** पुराना बस स्टैंड जिला चिकित्सालय परिसर स्थित पुराना हनुमान मंदिर नागरिकों की आस्था का प्रतीक रहा है। वर्तमान में चिकित्सालय बन जाने से इसका लेबल नीचे हो गया है। इसे देखते हुए बिलासपुर एवं वार्ड नंबर 40 के नागरिकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इसके पुनः निर्माण की मांग की है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता शिवा मिश्र, वार्ड पार्षद ओम कश्यप, सुभाष ठाकुर, वीरेंद्र सारथी, गौरव एरी, अभिषेक यादव आदि मौजूद थे।

### नवधा रामायण परसदा परसौड़ी में 16 से

**बिलासपुर।** अखंड नवधा रामायण ग्राम परसदा परसौड़ी में 16 मार्च रविवार से प्रारंभ किया जा रहा है। इस दिन कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा प्रारम्भ होगा । श्रीराम कथा विश्राम 25 मार्च मंगलवार को एवं हवन सहस्त्रधारा पूर्णाहुति 26 मार्च को होगा। यह अखंड नवधा रामायण लखराम रोड स्थित ग्राम परसदा परसौड़ी में 16 मार्च से प्रारंभ होगा। कलश यात्रा दोपहर 2 बजे से प्रारंभ व नव दिवसीय श्री राम कथा शाम से आरंभ होगा। इस आयोजन में बाहर से मानस मंडली, धार्मिक गायक, वाद्य कलाकार एवं प्रवचनकार आमंत्रित हैं। इस के मुख्य आचार्य कन्हैयालाल मिश्र अकलतरी वाले होंगे। आयोजन समिति के गोरेलाल केंवट, हरवंश केंवट, कीर्ति केंवट, कृष्ण कुमार केंवट आदि जुटे हैं।

---

**केंदई आश्रम में चल रहा 44वां विष्णु महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ**

# केंदई में विष्णु महायज्ञ के साथ वनवासी सामूहिक विवाह कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कटघोरा के समीप स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम, कर्दम तीर्थ में 11 मार्च को दैवी संपद मंडल के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती के सानिध्य में 25 वें सामूहिक विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।



ब्रह्मलीन स्वामी शारदानंद सरस्वती के आशीर्वाद से इस तीर्थ में 3 मार्च से विविध आयोजन किया जा रहे हैं। इस वर्ष 60 से अधिक जोड़ों का सामूहिक विवाह होगा। 10 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 11 मार्च को यज्ञ की पूर्णाहूति होगी, जिसमें यज्ञाचार्य पं. रवि कुमार मिश्र कोरबा शामिल होंगे।

### भगवान श्री कृष्ण ने दिलाई मथुरावासियों को कंस के अत्याचार से मुक्ति : त्रिपाठी

केंदई आश्रम में चल रहे 44वें विष्णु महायज्ञ और श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक आचार्य चन्द्रहास त्रिपाठी महाराज ने अपने व्यास पीठ से श्रोताओं को कंस वध व उद्धव प्रसंग के साथ-साथ देवी रुक्मिणी के विवाह प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक बार मथुरा में कंस का आतंक बढ़ने लग जाता है, सभी नगरवासी कंस के द्वारा किए जा रहे अत्याचार से भयभीत रहते हैं। सभी देवता भी प्रभु से निवेदन करने लगे कि हे प्रभु मथुरा में कंस का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। कृपया इस कंस का वध कर मथुरावासी को इसके आतंक से मुक्त करो, तभी वो शुभ घड़ी आ जाती है। मथुरा में कुश्ती युद्ध के लिए



गोकुल में निमंत्रण आता है, तब कन्हैया अपने भाई बलराम के साथ मथुरा नगरी पहुंच जाते हैं। जहां योद्धाओं के साथ युद्ध होता है। जब सभी योद्धा हार जाते हैं, तब स्वय कंस कन्हैया से युद्ध करने के लिए आते हैं और कहते हैं कि हे बहरूपिया लगता है कि तेरी मृत्यु मेरे ही हाथों लिखी है। एक ओर सभी देवता भी कंस की मृत्यु का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच युद्ध प्रारंभ होता है जिसमे प्रभु के हाथों कंस का वध हो जाता है। जैसे ही कंस का वध होता है स्वर्ग लोक के सभी देवता प्रभु के पर पुष्प की वर्षा करने लगते हैं।

रुक्मणि कृष्ण विवाह पर महाराज श्री ने कहा कि राजा भिसमत के यहां रुक्मिणी लक्ष्मी के रूप में प्रकट हुई। राजा शिशुपाल के साथ विवाह निश्चित हुआ। नाराद जी ने बताया कि आपका पाणिग्रहण संस्कार द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण के साथ निश्चित है। तब रुक्मिणी ने भगवान श्री कृष्ण को पत्र लिखा भगवान श्री कृष्ण अपने रथ में कुंदनपुर आते व इसी बीच देवी रुक्मिणी देवी पूजा के लिए जाती है, तभी भगवान श्री कृष्ण रुक्मिणी को रथ में बैठाकर द्वारिका की ओर ले जाते हैं। इतने में शिशुपाल अपनी अक्षणि सेना लेकर आते हैं, लेकिन भगवान श्री कृष्ण उसकी आधी दाढ़ी व आधी मुछ काट देते हैं। तभी रुक्मिणी भगवान से प्रार्थना करती है कि ये मेरा भाई है इसको क्षमा कर दें व रुक्मिणी व प्रभु श्री कृष्ण द्वारिका चले जाते हैं। उनका विधिवत भगवान ब्रम्हा ने विवाह कराया।

9- MAR- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 3/9/2025 11:59 PM Page 1

बिलासपुर, सोमवार 10 मार्च 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



घोंघा बाबा मंदिर परिसर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव का शुभारंभ संगीतमयी श्याम कथा के साथ किया गया। इसमें कथा व्यास श्रीधाम वृंदावन से आए पं. चंदन कुमार शास्त्री ने कहा कि बाबा श्याम कलयुग के विशेष पूजित देव हैं।

### खाटू श्याम मंदिर में फागुन महोत्सव का शुभारंभ

# बाबा श्याम कलयुग के विशेष पूजित देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंदिर अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव के प्रथम दिवस श्री श्याम कथा का संगीतमय पाठ पं. चंदन कुमार शास्त्री ने किया। व्यासपीठ से श्री शास्त्री ने बताया कि हारे के सहारे बाबा श्याम कलयुग के विशेष पूजित देव हैं। इनके दरबार में हारकर जो भी आता है, उसे निश्चित ही विजय को प्राप्त होता है। उन्होंने बाबा श्याम की महिमा बताते हुए बताया कि जो भी गौ सेवा के साथ बाबा श्याम की सेवा व भक्ति करता है उससे श्याम भगवान अति शीघ्र प्रसन्न होते हैं। विश्व के सारे मंदिरों में केवल श्याम भगवान के मंदिर के बाहर हारे का सहारा लिखा होता है। सभी देवताओं के भक्त होते हैं किन्तु श्याम भगवान के प्रेमी होते हैं, इसलिए हर भक्त को हारे का सहारा बनना चाहिए।

### आज खेली जाएगी फूलों की होली

उत्सव के दूसरे दिन सोमवार 10 मार्च को बाजे-गाजे व झांकियों के साथ भव्य निशान यात्रा राममंदिर तिलकनगर से निकाली जाएगी, जो कि देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए मंदिर पहुंचेगी। मंदिर में भक्तजन निशान अर्पित करेंगे। शाम को भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें गायक कलाकारों द्वारा भगवान श्याम पर आधारित भजन गाए जाएंगे। अंत में फूलों की होली खेली जाएगी।

### दिल्ली के फूलों से भगवान का श्रृंगार

महोत्सव के प्रथम दिवस दिल्ली से मंगाए गए फूलों से बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के बाद बाबा श्याम का दर्शन करने श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहा। संध्या महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



आयोजन

## आईसीएआई भवन में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम



**बिलासपुर।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की शाखा द्वारा निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता, निवेशकों और वित्तीय क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों को सूचित और जागरूक करना था, ताकि वे सही निवेश निर्णय ले सकें और वित्तीय योजनाओं को बेहतर तरीके से समझ सकें। इस जागरूकता कार्यक्रम में वित्तीय विशेषज्ञों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और बाजार विश्लेषकों ने भाग लिया और स्मार्ट निवेश रणनीतियों, जोखिम प्रबंधन, म्यूचुअल फंड, शेयर बाजार, कर नियोजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित निवेशकों और आम जनता ने विशेषज्ञों से अपने सवाल पूछे और वित्तीय योजना से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अजय अग्रवाल, श्री शेखर अग्रवाल,अंकुर अग्रवाल,शक्ति प्रसाद नायक थे। आईसीएआई बिलासपुर शाखा के अध्यक्ष सीए मनीष सखूजा ने कहा यह कार्यक्रम निवेशकों को जागरूक और शिक्षित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। सही जानकारी और मार्गदर्शन से लोग वित्तीय धोखाधड़ी से बच सकते हैं और अपने धन का उचित निवेश कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स स्थानीय व्यापारिक समुदाय और छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सत्संग

## महर्षि दयानंद ने महिलाओं को दिलाया बराबर का दर्जा



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड के साप्ताहिक सत्संग में यज्ञ, हवन किया गया। यज्ञ की मुख्य यजमान पार्षद रूपाली अनिल गुप्ता चांटीडीह और बेटियां थीं। अंजलि पटेल ने भजन प्रस्तुत किया। आशीर्वाद चावला ने एक कविता प्रस्तुत की। पार्षद चिंगराजपारा रेखा सूर्यवंशी ने महिलाओं को आगे बढ़ कर समाज सुधार के कार्य योगदान देने पर बल दिया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि इस आर्यावर्त भूमि पर गार्गी जैसी अनेक क्रांतिकारी महिलाएं, झांसी की रानी इस धरती पर हुई। इतिहास से पता चलता है कि रामायण काल में कैकई बहुत बड़ी विदुषी थी। शस्त्र और शास्त्र दोनों विद्याओं को जानती थी। महाभारत काल में कुंती विदुषी हुई। वेदव्यास भी कुंती से शास्त्रों पर चर्चा किया करते थे। शंका समाधन किया करते थे। दुर्भाग्य से महाभारत युद्ध के बाद हमारे यहां कुछ काल में महिलाओं को प्रताड़ित किया गया। महर्षि दयानंद सरस्वती ने मनु महाराज का प्रमाण देते हुए स्त्री जाति को बराबर का दर्जा व शिक्षा का अधिकार दिलवाया। गुरुकुल खुलवाएं और महिलाओं को जगदंबा के सिंहासन पर बिठा दिया उसी की देन है कि आज हमारे देश की राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री महिलाएं बन रही है। अंत में महिला पार्षदों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापिका अनिता लक्ष्मे ने बेटियों को अधिक से अधिक शिक्षित करने पर जोर दिया। मंच संचालन श्रद्धा पटेल एवं धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष आर्य रूपलाल चावला ने किया। आर्य समाज वसुंधरा विहार में 13 अप्रैल से दो दिवसीय लघु गुरुकुल शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सनातन परंपराओं की शिक्षा दी जाएगी।

**साप्ताहिक सत्संग में यज्ञ, भजन की प्रस्तुति**

स्पोर्ट्स

## 34 वीं राष्ट्रीय सब जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप गया बिहार में 27 से



**बिलासपुर।** 34 वीं राष्ट्रीय सब जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप के लिए छग राज्य बालक व बालिका टीम चयन करने के लिए कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजापारा में सभी जिलों से बालक व बालिका खिलाड़ियों का चयन ट्रायल लिया गया। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष जीवन मिश्रा ने बताया की 34 वीं राष्ट्रीय ओपन सब जूनियर बालक व बालिका कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 27 से 30 मार्च तक गया बिहार में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ टीम गठित करने के लिए पुरे जिलों से आए सब जूनियर बालक व बालिका खिलाड़ियों का ट्रायल उनके खेल कौशल फिटनेस देखा गया। खिलाड़ियों की पोजीशन राइट कार्नर, लेफ्ट कार्नर, राइट सेंटर, लेफ्ट सेंटर, रेडर, आल राउंडर आदि खिलाड़ियों का पोजीशन के आधार पर छत्तीसगढ़ टीम का गठन किया गया। जिसका अधिकारीक घोषणा जल्द किया जाएगी। उसके बाद खिलाड़ियों का कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस चयन ट्रायल के दौरान छग कबड्डी संघ अध्यक्ष शशि बघेल, महासचिव प्रदीप यादव, रेफरी बोर्ड चेयरमैन राजेश पटनायक की उपस्थिति में सब जूनियर कबड्डी का ट्रायल चिंगराजपारा खेल मैदान अमरैया चौक में किया गया। जिसमें छग के अन्य जिलों से बालक बालिका की टीम सम्मिलित हुई। बालिका वर्ग में 40 और बालक वर्ग में 45 बच्चे उपस्थित रहे।

# महिलाओं के आगे आने से समाज बढ़ता, कार्यक्रम में सम्मान

बिलासपुर। महिला दिवस के अवसर पर दूसरे दिन रविवार को शहर में विभिन्न कार्यक्रम किए गए, इस मौके पर महिलाओं के सम्मान के साथ महिलाओं के लिए वॉकथान, शिविर, भ्रमण व कई तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

### नारी वॉकेथॉन में महिलाओं ने लिया भाग



रोटरी क्लब ऑफ़ क्वींस द्वारा महिला दिवस पर आयोजित नारी वॉकेथॉन रविवार को सीएमडी कॉलेज ग्राउंड, में किया गया। यह रोटरी बिलासपुर क्वींस और नगर निगम का संयुक्त आयोजन था इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूकता फैलाना था। विभिन्न थीम जैसे प्रयागराज, प्रसिद्ध महिलाओं जैसे सुषमा स्वराज मदर टेरेसा आदि की अनुकृति बनकर विभिन्न राज्यों और विभिन्न नए तरीक़ों जैसे रेट्रो और फ्यूज़न ड्रैप स्टाइल से साड़ी पहनकर महिलाओं ने इस आयोजन में भाग लिया। इस कार्यक्रम में सभी को स्वक्छता अपनाने , स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने, गीला सूखा कचरे का पृथक्करण तथा ज़ीरो वेस्ट अभियान के संदर्भ में निगम कमिश्नर अमित कुमार ने शपथ दिलाई।

### महिला सशक्त होगी तो समाज भी होगा सशक्त



अंतर्राष्ट्रीय गुलदस्ता फाउंडेशन के द्वारा महिला दिवस व होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी अर्चना झा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. सुषमा पांडेया, रेणु गौतम, अनीता दुआ, अरुणिमा मिश्रा आदि उपस्थित थीं। फाउंडेशन के द्वारा सभी अतिथियों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आप लोग अपने क्षेत्र में कहीं ना कहीं बहुत ज्यादा काम करते हैं। महिला सशक्त हो रही है और सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ रही है। अगर एक महिला सशक्त होगी तो पूरा समाज भी सशक्त होता है। इसलिए आप लोगों के भूमिका समाज व परिवार में बहुत ही अहम है। फाउंडेशन के अध्यक्ष संस्था रीता राजगीर ने बताया गया कि यह फाउंडेशन तीन चार वर्षों से निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में काम कर रहीं हैं।

### एवीएम के छात्रों ने कार्यक्रम को बनाया खास



आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में महिला दिवस के अवसर पर छात्रों व अभिभावकों के लिए एनएसएस के छात्रों द्वारा एक विशेष गतिविधि आयोजित की गई। जिसमें छात्रों ने सर्वप्रथम सभी अभिभावकों को तिलक लगाया और माताओं को प्रेम व सम्मान स्वरूप गुलाब के फूल देकर उनका स्वागत किया। माताओ को गिफ्ट देकर उनकी खुशियों को दुगुना कर दिया, इस छोटी सी गतिविधि का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान और उनके योगदान को मान्यता देना था। चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर एस.के.जनास्वामी भी उपस्थित थे। उन्होंने सभी महिला शिक्षकों एवं अभिभावकों को महिला दिवस की सहृदय शुभकामनाएं दीं एवं छात्रों के इस पहल की सराहना की। विद्यालय की प्राचार्या जी.आर. मधुलिका ने भी महिला दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए।

### विप्र पार्षदों का किया गया सम्मान



कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच द्वारा नवनिर्वाचित विप्र पार्षदों का सम्मान किया गया, प्रदेश संगठन सचिव सुदेश दुबे साथी ने बताया कि मंच द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन लोखंडी में नवनिर्वाचित विप्र पार्षदों सीमा राजेश शुक्ला, रेखा ओमप्रकाश पान्डेय, ममता मिश्रा,अंचल दुबे एवं अमित तिवारी लोखंडी के सरपंच बलराम पटेल,पंच बसंत गढेवाल, डॉ प्रतीम पटेल, विधायक प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल सभापति पदाधिकारियों को शाल माला स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ गिरीश पान्डेय ने मंच द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन की पूर्णता पर मंच को बधाई दी।

### महिलाओं के नैतिक मूल्य समाज को सशक्त व समृद्ध बनाते हैं



ब्रह्मा कुमारीज ओम शांति सरोवर उसलापुर प्रांगण में मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं के योगदान विषय पर रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 11 मार्च को गुलजार दादी की पुण्यतिथि है। उनकी याद में ब्रह्मा भोजन भी कराया गया। सेंटर की मुख्य संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी छाया दीदी ने कहा कि महिलाएं समाज की नींव होती है और उनके नैतिक मूल्य समाज को सशक्त एवं समृद्ध बनाते हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस दौरान 3 साल की बच्ची श्रेया भट्ट ने छत्तीसगढ़ी गाने में मनमोहक नृत्य एवं पल्लवी एण्ड ग्रुप ने महिला सशक्तिकरण पर नृत्य की प्रस्तुति दी। विभा सिंह ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि लड़कियों को विशेष रूप से पढ़ाई कराएं, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सके। कार्यक्रम में उसलापुर सेंटर की मुख्य संचालिका बीके छाया दीदी, अतिथियों में सिंगर डॉ छाया प्रकाश, गायत्री साहू जिला महिला महामंत्री, निधि खोमेश मंडावी, विभा सिंह जोनल कमिश्नर नगर निगम, किरण टंडन, पार्षद उसलापुर, हर्ष लता शाह कम्युनिटी हेल्थ नर्स, डॉ दीप्ति पांडेय, डॉ निवेदिता मिश्रा इंडियन डेंटल एसोसिएशन की टीम मेंबर, वरिष्ठ पत्रकार तारणी शुक्ला, उषा सोनी, सोनी मिश्रा अधिवक्ता, जे. बसवराज सीईओ, राजेंद्र टंडन, अनुभव सिंह उपस्थित थे। छाया दीदी ने कहा कि महिलाएं बच्चों को संस्कार, ईमानदारी और सद्भावना की शिक्षा देकर एक आदर्श नागरिक तैयार करती हैं।

### छात्राओं को वृध्दाश्रम का भ्रमण कराया



शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समाजशास्त्र विभाग के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ.के.के.भण्डारी के द्वारा एम ए की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कल्याण कुंज वृद्धाश्रम ले जाया गया। जहाँ छात्राओं ने वृद्धों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को जाना तथा समझा एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें पायल देवांगन, श्रद्धा यादव, हीना चंदेल, अंजली, लीना लस्कर, अंजली कोरम, दीपमाला सूर्यवंषी, मानषी आदि छात्रायें उपस्थित रहीं।

### महिला योग मण्डल ने किया कार्यक्रम



गायत्री प्रज्ञापीठ सुभाष चौक में महिला योग मण्डल ने रेणु गौतम के मुख्य आतिथ्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मुख्य अतिथि गौतम ने कहा कि समाज सेवा करने के लिए अधिक धन, समय की जरुरत नहीं है। हम घर में रहकर ही किसी को उचित मार्गदर्शन देकर गरीब बच्चों को निःशुल्क पढ़ा सकते हैं। गायत्री प्रज्ञापीठ की सहायक प्रबंध ट्रस्टी डॉ अनिता पाठक ने मंच संचालन करते हुए कहा कि नारी मानवीय भावना, संवेदना, संस्कार, ज्ञान, धर्म, समर्पण को जीवंत बनाए रखने में अभूतपूर्व भूमिका निभाती आई है। जिसका गवाह इतिहास है।

### छात्राओं के लिए स्वास्थ्य शिविर



महिला डॉक्टर डॉ. दिव्या साव, डॉ. तृप्ति, डॉ. दीप्ति, डॉ. प्रियंका राय, डॉ. शिल्पा, डॉ. निवेदिता ने सुबह सत्य साईं मूकबधिर बालिका छात्रावास में अध्यनरत छात्राओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया। छात्राओं को फल वितरण कर, छात्रावास के लिए कुर्सियां दी गई। बिलासपुर इंडियन डेंटल एसोसिएशन की महिला डेंटिस्ट द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. वैशाली गोवर्धन, डॉ. रेणु बाला, डॉ. अर्चना, डॉ. कनिका, डॉ. कंचन, डॉ. जूही, डॉ. भावना, डॉ. प्रमिला, डॉ. गुंजन, डॉ. चारु एवं अन्य प्रतिष्ठित डॉक्टरों ने हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### सशक्त महिला से समाज को नई दिशा



भारतीय सिंधु सभा पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत महिला शाखा द्वारा आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी को शाल श्रीफल सम्मानपत्र देकर सम्मान किया गया उन्होंने कहा कि राजनीति के क्षेत्र में महिलाएं आगे आए तो समाज का विकास साथ देश को एक नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम में भारतीय सिंधु सभा की अध्यक्ष गरिमा शाहनी सेंट्रल पंचायत की अध्यक्ष कविता मंगवानी तथा इनके साथ कंचन मलघानी, सोनी बहरानी, भारती सचदेव, प्राची भगतानी, मोनिका सिदारा, मोनिका सिदारा, अन्नू आहूजा, माया मंगवानी, कविता चिमनानी आदि शामिल रहे।

### बच्चों की शिक्षा, समाज का निर्माण



चाइल्ड रिहेबलिटेशन सेंटर में महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि समाज सेविका रेखा गुल्ला एवं विशिष्ट अतिथि विद्या साहू पोषण विशेषज्ञ, अंजलि चावड़ा स्पेशल एजुकेटर थी। मुख्य अतिथि ने कहा कि हम अपने बच्चों को ऐसी शिक्षा दें कि वे समाज एवं राष्ट्र की उपयुक्त सेवा कर सके। विशिष्ट अतिथि श्रीमती साहू ने बताया कि किस तरह हम अपनी आंतरिक ऊर्जा को पहचान कर अपने को सशक्त बना सकते हैं। स्पेशल एजुकेटर श्रीमती चावड़ा ने कहा कि बच्चों को शैशव काल में ही अच्छी शिक्षा एवं संस्कार प्रदान करने के लिए प्रयास करना चाहिए।

### लाफ्टर क्लब की महिलाओं का सम्मान



विवेकानंद लाफ्टर क्लब की सभी सम्मानित महिला सदस्यों का सम्मान क्लब के अध्यक्ष के के चतुर्वेदी व डॉ. सुदेश वर्मा, काले श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

### महिला कर्मियों का किया गया सम्मान



शारदा इंटरप्राइजेज में महिला दिवस के अवसर पर पार्षद शहजादी कुरैशी, प्राचार्य गायत्री तिवारी ने महिला कर्मियों का सम्मान किया गया। संचालक विष्णु मुरारका मौजूद थे।

### स्वच्छता दीदीयों का सम्मान



महिला दिवस के अवसर पर वार्ड 32 के पार्षद अमित तिवारी ने वार्ड में स्वच्छता अभियान में लगी स्वच्छता दीदीयों का सम्मान किया।

### पूर्व महिला अध्यक्षों का किया सम्मान



कायस्थ समाज महिला प्रकोष्ठ के द्वारा पूर्व महिला अध्यक्षों का सम्मान किया गया, पूर्व महिला अध्यक्ष 92 वर्षीय लक्ष्मी वर्मा एवं शीला वर्मा सहित अन्य महिलाओं का सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप

### 44 लाख की सड़क का किया गया भूमिपूजन



**सीपत।** ग्राम पंचायत सीपत के सरपंच प्रतिनिधि योगेश वंशकार, जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर, जनपद सदस्य मनोज खरे, पूर्व सरपंच संतोष भोई ने बुधवार को एनटीपीसी सीएसआर मद से स्वीकृत 44 लाख की लागत से बनने वाली नवाडीह चौक से माता चौरा तक 700 मीटर सीसी रोड का भूमिपूजन किया। सरपंच प्रतिनिधि योगेश वंशकार ने कहा कि ग्रामवासियों की सुविधाओं के लिए तत्परता से कार्य किया जाएगा। राजेंद्र धीवर व मनोज खरे ने कहा कि कई वर्षों से जर्जर हो चुके इस मार्ग के बन जाने से ग्रामीणों को असुविधाएं दूर होंगी एवं लोगों को आने जाने में आसानी होगी। इस अवसर पर पंच उमेन्द्र विजय, गोपी धीवर, शशिकांत साहू, राजकुमार रजक, पोषण सत्यार्थी, दिलीप वर्मा, डॉ संतोष साहू, संदीप खरे, प्रेम खरे, नीटू खरे, सतीश खरे, वीरेंद्र सूर्या, रामलाल साहू, डॉ संतोष साहू, दगाराम सूर्यवंशी, संतोष साहू, दिलहरण श्रीवास, सोनू निर्मलकर, रूपेश चौहान, अजय यादव, सूरज निर्मलकर, अनिल सिदार, रोशन रजक व एनटीपीसी से देवेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### धोखाधड़ी से समिति का पंजीयन कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन



**पेंड्रा।** जीपीएम जिले के पेंड्रा शीतला सरोवर लोहतरिया पारा में विगत 9 वर्षों से लगातार माता महाकाली की मूर्ति रखी जाती है। 9 दिनों तक धूमधाम से पूजा-अर्चना के बाद दशहरा के दूसरे दिन पूरे नगर का भ्रमण करा कर महाकाली की मूर्ति का विसर्जन किया जाता है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहता है एवं इस आयोजन को काली दशहरे के नाम से भी जाना जाता है। कार्यक्रम को देखने के लिए दूर-दूर से से श्रद्धालु आते हैं। जानकारी के अनुसार समिति के प्रमुख सदस्य की जानकारी के बिना समिति के कुछ सदस्य समिति के पंजीयन हेतु आवेदन कर रहे हैं। जानकारी मिलने पर समिति के अन्य सभी सदस्यों ने समिति का पंजीयन रोकने हेतु गुरुवार को कलेक्टर एवं तहसीलदार पेंड्रा महोदय को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि बिना प्रमुख सदस्यों को जानकारी दिए ही कुछ लोग समिति का पंजीयन निजी फायदे हेतु कराने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने पंजीयन पर रोक लगाकर शहर की आस्था श्रद्धा बनाए रखने में सहयोग करने की मांग की।

### होली कार्यक्रम रद्द करने के विरोध में ज्ञापन सौंपने पहुंची एबीवीपी



**पेंड्रा।** एबीवीपी पेंड्रा के कार्यकर्ता डॉ भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय में होली आयोजन को रद्द करने के खिलाफ ज्ञापन सौंपने पहुंचे लेकिन महाविद्यालय में प्राचार्य उपस्थित मिलीं। ज्ञात हो कि बीते 7 मार्च शुक्रवार को महाविद्यालय के छात्र होली कार्यक्रम मानने हेतु प्राचार्य के पास अनुमति लेने गए, जहां प्राचार्य ने विद्यार्थियों को कहा कि मेरे महाविद्यालय में फालतू त्यौहारों को मनाने की अनुमति नहीं मिलेगी। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को नेता बता कर उन्हें दुत्कारते हुए अपने ऑफिस से भगा दिया। गुस्साए विद्यार्थियों ने शनिवार को फिर से ज्ञापन सौंपने लेकिन पहुंचे लेकिन कॉलेज में प्राचार्य सहित अधिकांश शिक्षक अनुपस्थित रहे। कुछ शिक्षक उपस्थित थे जिन्होंने बात करने से इंकार कर दिया। शिक्षकों ने बताया कि प्राचार्या शनिवार को नहीं आती हैं। ऐसे में एबीवीपी के कार्यकर्ता सोमवार को फिर से महाविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपने जाएंगे। श्रेयांश पांडे, नगर मंत्री ने कहा कि महाविद्यालय में अनेक समस्याएं हैं, जिसका समाधान न होना अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। महाविद्यालय में कई वर्षों से एक भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ और न ही किसी प्रकार की कोई गतिविधि होती है।

### डाइट में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन



**पेंड्रा।** पेंड्रा डाइट परिसर में चल रहे क्षेत्रीय साहित्यिक, सांस्कृतिक और क्रीड़ा प्रतियोगिता समारोह का शनिवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पेंड्रा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राकेश जालान मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पेंड्रा में 6 मार्च से 8 मार्च तक आयोजित की गई। तीन दिनों तक चलने वाले इस खेल प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न प्रकार के खेलों की प्रतियोगिता कराई गई। वहीं तीसरे दिन विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि राकेश जालान ने कहा कि बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। इससे उनका शारीरिक एवं मानसिक दोनों विकास होता है। जिन बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और जीत हासित की उन सभी को ढेर सारी बधाई। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की जरूरत में मैं डाइट परिवार के साथ सदैव खड़ा हूं। कार्यक्रम के दौरान बिलासपुर संभाग संयुक्त संचालक शिक्षा की रामायण प्रसाद आदित्य, उन्नत शिक्षा संस्थान बिलासपुर की प्राचार्या गीता मुखर्जी, डाइट के प्राचार्य जेपी पुष्प सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## एक बच्चे और मवेशियों की गड्ढे में डूबकर हो चुकी है मौत

# अवैध उत्खनन से बने गड्ढे साबित हो रहे जानलेवा



लालपुर तहसील क्षेत्र के गैंजी, बांधा में शासकीय भूमि पर अवैध उत्खनन के कारण बने गड्ढे पर भरा पानी, जिससे हमेशा बना रहता है खतरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लालपुर

मुंगेली जिले के लालपुर तहसील क्षेत्र के गैंजी, बांधा में शासकीय भूमि पर अवैध उत्खनन का काम बेधड़क किया जा रहा है। उत्खनन के कारण गैंजी की समतल भूमि पर लगभग 30 फीट गहरा गड्ढा बन चुका है। गड्ढे में भरे पानी में डूबकर एक बच्चे और मवेशियों की जान जा चुकी है।

ग्रामीणों के अनुसार गैंजी, बांधा में शासकीय भूमि पर बेखौफ उत्खनन किया गया है। नतीजन उक्त भूमि पर लगभग 30 फीट गहरा गड्ढा हो चुका है। जिसके कारण उसमें पानी भरा रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस गड्ढे में कुछ वर्ष पहले एक बच्चे की डूबने जान जा चुकी है। अवैध उत्खन से बने गड्ढे को देखकर लोग भयभीत रहते हैं। गांव की बस्ती में होने के कारण बच्चे का खेलते खेलते डूबने का भय लोगों में बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में अवैध उत्खनन के विरुद्ध आवाज उठाई गई थी पर शासन प्रशासन से कोई करवाई नहीं हो सकी। उक्त गड्ढे में केवल बच्चे ही नहीं अपितु दो मवेशी भी डूबकर जान गंवा चुके हैं।

### नहीं है कोई सुरक्षा व्यवस्था

जानकारी के अनुसार समतल भूमि पर धीरे धीरे उत्खनन होने से आज गड्ढा भयावह के रूप में तब्दील हो चुका है। इसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा दी जा चुकी है पर अब तक सुरक्षा व्यवस्था के रूप में उक्त गड्ढे के चारों तरफ घेराव नहीं किया गया है जिनके कारण आसपास के लोगों में भय व्याप्त है।

### ली जाएगी जानकारी

बांधा में उत्खनन होने से गड्ढे बनने की जानकारी मिली है। उक्त जगह को हल्का पटवारी को भेज कर जानकारी ली जाएगी कि कौन सी भूमि पर उत्खनन हो रहा है।

-**एमपी कौशिक**, तहसीलदार, लालपुर

## चेट्रीचण्ड महोत्सव धूमधाम से मनाने हुई बैठक



बैठक में शामि सिंधी समाज के लोग।

**तखतपुर।** सिंधी समाज द्वारा चेट्रीचण्ड महोत्सव मनाने के लिए सिंधु भवन में बैठक आयोजित की गई।

पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष राकेश मंदानी की अध्यक्षता में सिंधु भवन में बैठक आयोजित की गई जिसमें 30 मार्च को चेट्रीचण्ड महोत्सव हर्षोउल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। सुबह झूले लाल मंदिर में आरती की जाएगी। दोपहर में बाहराणा साहब पूजा अर्चना कर शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम को शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से गुजरकर मनियारी नदी में पूजा अर्चना पश्चात विसर्जन किया जाएगा।

इस अवसर पर करमचंद टेकवानी, किशन सचदेव, रोची तोलानी, कन्हैया संतानी, रमेश कारड़ा, श्रीचंद वाधवानी, सुरेश होतचंदानी, सुनील सचेदव, राकेश सचदेव, नारायण बजाज, टेकचंद कारड़ा, दिलीप तोलानी, नुतन टेकवानी, कमल जसूजा, परस राम, हेमराज मंगलानी, सुनील कुकरेजा, शंकर मच्छानी सहित अन्य उपस्थित रहे।




## जेएमपी महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम

**तखतपुर।** जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में पुरस्कार वितरण सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अशोक ठाकुर उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने महाविद्यालय का प्रतिवेदन पढ़ा, जिसमें उन्होंने महाविद्यालय में वर्ष भर किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

अशोक ठाकुर ने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि आदमी नैतिक शिक्षा से बलवान बनता है और यह मंच उन्हें अपने लक्ष्य को तय कर ऊंचाई की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। नगर पालिका अध्यक्ष रविन्दर कौर मक्कड़ ने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज जो लोग मंच पर उपस्थित हैं यह भी कभी विद्यार्थी थे। आप भी मेहनत एवं लगन से लक्ष्य तय कर जीवन में आगे बढ़ें। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी एवं महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जन इस दौरान भागीदारी समिति के सदस्य डॉ महेश पांडेय ने महाविद्यालय को 2 लाख रु देने की घोषणा की। इस अवसर पर पार्षद अंकित अग्रवाल, गौरी अजय देवांगन, अनुपम अभिषेक पांडेय, कोमल ठाकुर, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, जसप्रीत रमन सिंह हूरा, कैलाश देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, परमजीत लवली हुरा, अंजू सुरेश देवांगन, पूजा बबलू गुप्ता, प्रियंका आहूजा एवं मुन्ना श्रीवास, डॉ शुभदा रहालकर, एसके पटेल, अजय देवांगन, रमन हूरा, शैलेंद्र आहूजा आदि मौजूद थे।

### आज की महिला किसी से कम नहीं: अर्चना



**तखतपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर डिसाइपल्स चर्च ऑफ ख्राइस्ट सीएनआई में रविवार को आराधना के पश्चात महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महिला सभा द्वारा रवि प्रभा बाघे, होप वर्जीनिया थॉमस, कुमारी शकीला प्रसाद, मोती मेरी जहानी, सरिता मसीह को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंजू जॉन सचिव ने किया। उन्होंने कहा कि कहते हैं नारी का कोई घर नहीं होता। सच तो यह है कि नारी के बिना कोई घर, घर नहीं होता। महिला सभा की अध्यक्ष अर्चना स्कॉट ने कहा आज महिला किसी से कम नहीं है। वे पुरुष से एक कदम आगे ही हैं। इस अवसर पर आराधना मसीह, रवि किरण प्रसाद, निशा विलसन, ज्योति विलियम विद्या विलियम के मसीह, सिंधिया बैनेट, अलका नवीन मसीह, कुमारी निशी मसीह, के मसीह, प्रीति दास, ममता पन्ना, रेवरेंड नवीन मसीह, मलय कुमार जहानी, एम प्रसाद, सामुएल दास, एम के एंड्रयूज, हरेंद्र प्रसाद, पी भारती बेनेट, प्रदीप स्कॉट, हरेंद्र प्रसाद, श्रीमती शम्मी बाला, रोजी स्कॉट, नीलिमा मसीह, बबीता दास, मनीष प्रसाद सहित अनेक मसीही जन उपस्थित थे।

### स्वच्छताग्रही दीदी और बिहान की महिलाओं का सम्मान



**मुंगेली।** जनपद सदस्य एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वच्छताग्रही दीदी और बिहान के महिलाओं का श्रीफल और बुके से सम्मानित किया। श्री पाण्डेय ने बताया कि नारी प्रेम करुणा और शक्ति का संगम है, नारी नारायणी हैं, जिसके ऊपर घर एवं परिवार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रहती है।

### मीनाक्षी सुयश महिला प्रतिभा सम्मान से सम्मानित



**पेंड्रा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रायपुर में छत्तीसगढ़ महिला सद्भावना सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में शासकीय हाईस्कूल कुड़कई, पेंड्रा की गणित की व्याख्याता मीनाक्षी केशरवानी को सुयश महिला प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान रायपुर के सुप्रसिद्ध मंच संचालक एवं समाजसेवी लक्ष्मीनारायण लाहोटी द्वारा प्रतिवर्ष उन महिलाओं को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपने विशेष कार्यों से समाज में अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. मनोज लाहोटी एवं डॉ. श्वेता लाहोटी (सुयश हॉस्पिटल, रायपुर) थे, जबकि मुख्य संरक्षक छबिलाल सोनी जी एवं संयोजक लक्ष्मीनारायण लाहोटी थे। मीनाक्षी केशरवानी को यह सम्मान मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु उनके द्वारा रचित मतदान गीत के लिए प्रदान किया गया। उनके इस उत्कृष्ट कार्य को पहले भी विभिन्न मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है।

### अग्रहरि महिला मंडली ने मनाया महिला दिवस



**करगी रोड कोटा।** अग्रहरि महिला मंडली ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास से मनाया। समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को महिलाओं की समानता, अधिकारों और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया गया महिला दिवस का उद्देश्य लैंगिक भेदभाव समाप्त कर एक समान और सशक्त समाज का निर्माण करना है। महिलाओं ने इस अवसर पर विविध मनोरंजन खेल, नाच, गाना सहित प्रतियोगिताएं आयोजित की।

### मरवाही क्षेत्र की महिलाओं का एसडीओ ने किया सम्मान



**भर्रीडांड़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मरवाही क्षेत्र की महिलाओं का एसडीओ प्रफुल्ल कुमार रजक ने श्रृंगार सामग्री एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्री रजक ने समाज एवं परिवार में महिलाओं की सहभागिता एवं शिक्षा पर प्रकाश डाला। मरवाही में महिलाओं को उनके स्तर पर सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम मेंटी आई शनीप रात्रे ने भीअंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सहयोग दिए जाने की बात कही।

## आत्मानंद स्कूल परिसर के विकास के लिए तोखन से मिला शाला प्रबंधन



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूल तिफरा की शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू से मुलाकात कर स्मार्ट सिटी के तहत विद्यालय परिसर के विकास के लिए ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिफरा का उन्नयन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के रूप में किया गया है। यहां कक्षा पहली से 12वीं तक की कक्षाएं लगती हैं, जिसमें 2192 बच्चे अध्ययनरत हैं। विद्यालय परिसर के अंदर बड़ा मैदान है, जिसे छात्रों के लिए खेल परिसर के रूप में विकसित करने की जरूरत है। नगर निगम क्षेत्र बिलासपुर में स्थित सेजेस तिफरा में स्मार्ट सिटी के तहत स्कूल के अधोसंरचना सहित परिसर विकास, खेल मैदान, वाटिका, गार्डन, अहाता निर्माण, प्राथमिक वर्ग के छात्रों के झूले, एनीमल डस्टबीन, प्रार्थना शेड के फ्लोर पर टाइल्स सहित अन्य विकास कार्य कराए जाएं। इस मौके पर अध्यक्ष ईश्वर साहू एवं सदस्य कृष्ण कुमार कश्यप, पूर्व नगर पालिका परिषद तिफरा के अध्यक्ष रामू साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, गेदलाल साहू देवी लाल, मनोज कुमार भानु साहू, नारायण साहू, दिपांशु नारायण, मोनू, देवीलाल सहित अन्य मौजूद थे। स्कूल की विभिन्न मांगों के संबंध में तोखन साहू ने मांगों को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया है।

## गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने की साव से मुलाकात



उप मुख्यमंत्री से मुलाकात करते संगठन के पदाधिकारी।

**मुंगेली।** गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन की प्रांतीय टीम ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव से मुलाकात कर संगठन को शासन से मान्यता दिलाने पर आभार जताया और सम्मानित किया।

संगठन ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव का सम्मान करते हुए भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार के कार्य का क्रियान्वयन व शासकीय सेवक के हित के लिए समन्वय स्थापित कर छग राज्य की प्रगति में सहभागी बनेगा। एसोसिएशन की प्रांतीय टीम ने प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग के नेतृत्व में मुलाकात कर संगठन को शासन से मान्यता दिलाने पर आभार जताया और सम्मानित किया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश, जिला विकासखंड के पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष रायपुर एवन बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष आरंग भीमसेन मनहरे, सतनामी समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश दिवाकर, बिलासपुर अध्यक्ष बसंत जांगड़े, गणपत घृतलहरे, विजय मारखंडे, दिनेश जोशी, महिला प्रकोष्ठ रायपुर अध्यक्ष अंजू लता टंडन, गोमती राजेशी, सुशीला गिलहरे, डम्बेश्वरी कोशले, अमित सागर आनंद, लखन कुर्रे, साहेब दास बंजारे, विष्णु देव ब्रम्हे, चंद्रशेखर घृतलहरे, संतोष सोनकर, मनीराम ध्रुव, मीन दास पात्रे, दिलीप जाटवर, दिलीप काठले, रोहित, डिंडोरे मौजूद थे।

### महाशिवरात्रि से शुरू हुआ है 15 दिवसीय मेला

# मल्हार मेले में रौनक, लोगों ने जमकर की खरीददारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

महाशिवरात्रि से प्रारंभ हुए 15 दिवसीय मेले में रौनक देखने को मिल रही है। मेले में नगरवासियो के अलावा आसपास के गांवों के हजारों लोग पहुंचे एवं जमकर खरीददारी की। साथ ही उन्होंने मनोरंजन के साधनों का भी लुफ्त उठाया।

मेले में इस बार कपड़े, मनिहारी, ज्वेलरी, बर्तन, जूते चप्पल, चूड़ी, खिलौने, क्राकरी, सूपा टुकनी, दरवाजे की दुकान, विवाह समान के अलावा बड़ी संख्या में व्यंजनों की दुकानें सजी हैं। टेटू बनवाने के शौकीनों ने भी अपने हांथो में टैटू बनवाकर मेले को यादगार बनाया। आसपास के गांवों के अलावा दूसरे जिलों जिनमे जांजगीर-चाम्पा, बलौदाबाजार, कोरबा, मुंगेली जिले से लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। मेला स्थल की जगह छोटी पड़ने के कारण बस स्टैंड से पुलिस चौकी तक दिनभर जाम की स्थिति बनी रही, जिसको नियंत्रित करने में पुलिस के लोग जुटे रहे।



### रविवार को पहुंचे 50 हजार से अधिक मेलार्थी

महाशिवरात्रि के दिन से शुरू हुए मेले की रौनक अब दिखने लगी है। आसपास के गाँव के ग्रामीणों के अलावा दूरस्थ अंचलों से भी लोग विभिन्न साधनों से पहुच रहे है। रविवार को छुट्टी के दिन होने की वजह से 50 हजार से ज्यादा लोग मेला पहुचे जहां उन्होंने खूब खरीददारी के साथ मनोरंजन के साधनों का आनंद उठाया।

### होली तक रहेगी मेले में रौनक

महाशिवरात्रि पर्व से शुरू हुआ मेला इस बार होली तक चलेगा, लोगों ने बताया कि आज बुधवार से ही मेला अपने पूरे शबाब पर आया है, जो अगले बुधवार तक ऐसे ही चलता रहेगा। पूरे एक हफ्ते तक हजारों लोग मेले का लुफ्त उठाने पहुचेंगे। दरअसल इस बार भी धान की फसल संतोषजनक होने के कारण किसानों को धान की अच्छी कीमत मिली है। इसका असर मेले में देखने मिल रहा है। लोग खूब खरीददारी करते हुए मेला का आनंद उठा रहे हैं।

## बिजली बिल वसूली के लिए जिले में चलाया जा रहा विशेष अभियान

**मुंगेली।** बिजली उपभोक्ताओं के द्वारा बिना भुगतान के विद्युत सप्लाई जोड़कर चालू पायी गई। कनिष्ठ यंत्री के द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर विद्युत अधिनियम की 2003 की धारा 135/138 में दोषी मानते हुए संबंधित लोगों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

- बकायादारों ने अवैध रूप से जोड़ी विद्युत सप्लाई, जुर्म दर्ज

विद्युत विभाग द्वारा बकायादारों से बिजली बिल की वसूली और कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई के तहत जिले में मार्च में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले में पंचायत चुनाव निपटने के साथ ही ग्रामीण तथा शहरी विद्युत बकायादारों के विरूद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार्यपालक निदेशक बिलासपुर एके अम्बष्ट तथा अधीक्षण यंत्री बिलासपुर एसके जांगड़े के द्वारा अलग-अलग टीमें बनाकर जिले में जमकर विद्युत बकायादारों की लाईन विच्छेदन किया जा रहा है। इसी क्रम में टीमों ने पथरिया, लोरमी एवं मुंगेली क्षेत्र के 202 बकायादारों की लाईन काटी तथा मौके पर 21 लाख रूपए की वसूली की। इसी संदर्भ में लोरमी क्षेत्र के ग्राम राम्हेपुर में पूर्व से बकायादार रामफूल झरिया बकाया राशि 46 हजार 540, ग्राम डिण्डौल निवासी अरूण राजपूत बकाया राशि 55 हजार 250, ग्राम राम्हेपुर टीके विश्वास बकाया राशि 54 हजार 440 की विद्युत लाईन पूर्व में काटी गई थी। लेकिन जिसे इन उपभोक्ताओं ने बिना भुगतान के अवैध तरीके से विद्युत सप्लाई जोड़कर चालू कर लिया।

9 -MAR--REGNOL-pg-5 -comman_Layout 1 3/9/2025 11:29 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### संकुल स्तरीय एफएलएन मेला डोंगरिया में आज

**लोरमी।** संकुल स्तरीय एफएलएन मेले का आयोजन संकुल केंद्र डोंगरिया में सोमवार को किया जाएगा। जिसमें संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक शाला जमुनाही, डोंगरिया, कोसाबाड़ी, बघर्रा, गोंड पारा डोंगरिया, बघनी भांवर के छात्र छात्राएं एवं शिक्षक शामिल होंगे। संकुल प्राचार्य रमा शंकर यादव बच्चों को मेले में टिप्स देंगे। यह जानकारी संकुल समन्वयक राजेश कुंभकार ने दी है।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से महिला की मौत



**तखतपुर।** छत पर काम रही महिला 11 केवी हाईटेंशन तार की संपर्क में आने से गंभीर रूप से झुलस गई जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम राजपुर निवासी सरस्वती खांडे पति स्वर्गीय भगेला खांडे 55 वर्ष दोपहर 2 बजे छत पर काम करने चढ़ी थी तभी उसका हाथ 11 केवी हाईटेशन तार के संपर्क में आ गया जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन ने आनन फानन में उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### 12 को लेंगे अध्यक्ष एवं पार्षद शपथ

**तखतपुर।** नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम 12 मार्च को प्रातः 11 बजे राम सदन तखतपुर में रखा गया है जिसमें मुख्य आतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, अति विशिष्ट अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह, पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ प्रमुख रूप से रहेंगे।

### स्वसहायता समूह पर कार्रवाई को हाईकोर्ट ने माना गलत

**तखतपुर।** जय रणजी माता महिला स्वसहायता समूह गनियारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ की गई कार्रवाई को गलत बताया था। मामले में सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने प्रक्रिया का पालन किए बिना कार्रवाई को गलत माना और इसमें आवश्यक कार्रवाई के लिए कलेक्टर, एसडीओं एवं फुड इंस्पेक्टर को निर्देशित किया था। हाईकोर्ट के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी तखतपुर द्वारा समूह अध्यक्ष कामिन सूर्यवंशी, पूजा बिजौर तथा भीम सूर्यवंशी को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनका पक्ष जानना चाहा है। साथ ही उन्हें निर्देशित किया है कि 10 मार्च को वे अपना लिखित पक्ष प्रस्तुत करें। ऐसा नहीं करने पर मामले में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### साक्षरता कार्यक्रम के तहत महापरीक्षा 23 को

**पेंड्रा।** उल्लास नवीन भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले में महापरीक्षा आगामी 23 मार्च रविवार को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होगा जिसमें 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के शिक्षार्थी जिन्होंने 200 घंटे तक अध्यापन किया है सम्मिलित होंगे। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के मार्गदर्शन में महापरीक्षा अभियान हेतु जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पेंड्रा में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गौरेला एवं पेंड्रा विकासखंड के स्रोत समन्वयको तथा जिले के संकुल शैक्षिक समन्वयकों को राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा की पूर्व तैयारी तथा राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देशों से अवगत कराया गया। यह कार्यक्रम डाइट के प्राचार्य जेपी पुष्प तथा जिला शिक्षा अधिकारी जे के शास्त्री के निर्देश में हुआ। बनमाली प्रसाद वासुदेव रिसोर्स पर्सन द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। संजय टांडिया के द्वारा आने वाली महापरीक्षा की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी मुकेश कोरी के द्वारा पूरे कार्यक्रम पर विस्तृत जानकारी दी गई। मनोज कुमार रोहणी रिसोर्स पर्सन के द्वारा सभी उपस्थित संकुल शैक्षिक समन्वयकों को उल्लास कार्यक्रम में योगदान देने के लिए शपथ दिलाई गई।

# नपा अध्यक्ष मुकेश ने पार्षदों सहित ली पद और गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

- केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सहित विधायक रहे मौजूद
- अध्यक्ष ने संस्कृत में ली शपथ

नगर पालिका परिषद गौरेला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश दुबे एवं पार्षदों ने अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली और विधिवत कार्यभार ग्रहण किया।

गौरेला नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों का पदभार ग्रहण कार्यक्रम गौरेला के चन्दा वाटिका परिसर में सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अतिथि उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह की खास बात यह रही कि नगर पालिका गौरेला परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश दुबे ने अपने अध्यक्ष पद की शपथ संस्कृत में ली। नगर पालिका में जीत कर आए कांग्रेस-भाजपा के सभी 15 पार्षदों ने भी कार्यक्रम में पद की शपथ ली। एसडीएम अमित बेक ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष औऱ पार्षदों की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्रोच्चार एवं स्वस्तिवाचन से किया गया। स्वागत उद्बोधन नगर पालिका के सीएमओ नारायण साहू एवं संचालन मथुरा सोनी ने किया। शपथ ग्रहण के कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार की नमस्ते योजना वर्ष 2022 में केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में लॉन्च किया गया था। यह योजना केंद्रीय आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किया गया है जिसका उद्देश्य असुरक्षित सीवर तथा सेप्टिक टैंक सफाई प्रथाओं को खत्म करना है। भारत में स्वच्छता, सफाई संबंधी कार्यों में होने वाली मौतों को शून्य करना। इस योजना के तहत निकाय के कर्मचारियों को पीपीई किट केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के द्वारा प्रदान किया गया।



शपथ ग्रहण समारोह में शामिल केंद्रीय मंत्री तोखन साहू।

## इन्होंने ली शपथ

इस अवसर पर अध्यक्ष मुकेश दुबे के साथ पार्षद सुरेश उइके, मनोज विश्वकर्मा, आयुष सोनी, निलेश साहू, अंकुर विश्वकर्मा, अलका ताम्रकार, राजेश अग्रवाल, अरुणा चक्रधारी, अविनाश टुड्डू, रोशनी तापस शर्मा, रियाज अहमद, साहिना परवीन, अमृता मरावी, गंगोत्री राठौर, विक्रांत रोहणी ने शपथ ली। इस अवसर पर मंच पर भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव, बिलासपुर भाजपा जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल, अरुण सिंह चौहान, कन्हैया सिंह राठौर, जेपी शर्मा, शैलेश शिवहरे, बृजलाल सिंह राठौर, राकेश चतुर्वेदी, राजकुमार रोहणी सहित बड़ी संख्या में अतिथि गण, गणमान्य नागरिक, महिलाए युवा एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने नहीं कराया आवास का निर्माण: तोखन

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि गौरेला में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। जनता ने खुले मन से आशीर्वाद दिया है। पूरे प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत हुई हैं। यह जीत मोदी की गारंटी की जीत है अब विष्णुदेव साय के सुशासन की जीत है।हमारे मुकेश दुबे प्रचंड बहुमत से जीते हैं। मैं गौरेला के देवतुल्य जनता का आभार करता हूं। श्री तोखन साहू ने विधानसभा में भूपेश बघेल के उठाए गए सवाल छत्तीसगढ़ में आवास निर्माण की जानकारी पर कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पहले आवास की स्वीकृति कराई फिर उसके बाद अपने आवास पर गए, कांग्रेस ने पिछले पांच साल कोई आवास का निर्माण नहीं कराया।

## मोतिमपुर के सतीश बने उपसरपंच

**जरहागांव।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत खाम्ही कुर्मी में सरपंच चुनाव में राजेश कुमार जांगड़े ने जीत हासिल की है। खाम्ही कुर्मी का आश्रित गांव मोतिमपुर है जहां से सरपंच तो नहीं बन सका था, पर वहीं से पंच के रूप में सतीश यादव ने जीत हासिल की थी। जब उप सरपंच का चुनाव हुआ तो पंचों ने उप सरपंच के पद को मोतिमपुर को अवसर दिया। सभी पंचों ने सतीश यादव को उप सरपंच के रूप में चयन किया। चुनाव के बाद गांव में खुशियों की लहर दौड़ गई। हर कोई लाल गुलाल से स्वागत कर आतिशबाजी की। इस अवसर पर बसंत साहू, सालिकराम, मनोज बंजारे सतीश घृतलहरे, सूरत प्रसाद बंजारे, प्रहलाद यादव, संजय के साथ ग्रामीण जन मौजूद रहे।




## बेलतरा में दुर्गा, नेवसा में विनोद एवं भाड़ी गिधौरी में बने निर्विरोध उपसरपंच

**बेलतरा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पंचायत में उपसरपंच का चुनाव 8 मार्च को हुआ, जिसमें ग्राम पंचायत बेलतरा से दुर्गा साहू विजयी उम्मीदवार रहीं। ग्राम पंचायत नेवसा में विनोद कश्यप, ग्राम पंचायत गिधौरी एवं ग्राम पंचायत भाड़ी में निर्विरोध उपसरपंच बने। भाड़ी से मनोज साहू एवं गिधौरी से सरस्वती सूर्यवंशी निर्वाचित हुए। निर्वाचन प्रक्रिया के पश्चात ग्राम पंचायत में आतिशबाजी, रंग गुलाल के साथ मुंह मीठा का सिलसिला चलता रहा। ग्राम पंचायत के कामकाज संबंधित विजयी उम्मीदवार एवं सरपंच से पूछे जाने पर कहा कि वे आने वाले दिनों पंचायत को एक अच्छे आदर्श पंचायत का रूप देने का प्रयास करेंगे। उप सरपंच चुनाव के दौरान सरपंच सुरेश कश्यप बेलतरा, शिवनारायण कश्यप गिधौरी, माधवी उमेश साहू नेवसा एवं कुष्मणी लक्ष्मी कश्यप भाड़ी मौजूद रहे।

## अनिता बनीं जनपद सदस्य समाज का बढ़ाया मान



**सीपत।** मस्तूरी जनपद क्षेत्र क्रमांक 5 से अनिता विजय गुप्ता दूसरी बार जनपद सदस्य निर्वाचित हुई हैं। अनिता गुप्ता पूर्व में जनपद क्षेत्र क्रमांक 4 से निर्वाचित हुई थीं। उनके जनपद बनने पर चकवै गुप्ता समाज गौरवांवित है। उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## ग्राम पंचायत गतौरा से उपसरपंच बनी गिरिजा

**मोपका।** समीपस्थ ग्राम पंचायत गतौरा के साथ बिलासपुर संभाग में पंचायत चुनाव सम्पन होने के बाद सरपंच और पंचों ने अपना उपसरपंच चुन लिया है जिसमें गतौरा पंचायत में दो महिला प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। गिरिजा कृष्ण कुमार राठौर को 11 और संतोषी जयकुमार राठौर को 10 वोट मिले। बहुमत के आधार पर गिरिजा कृष्ण कुमार राठौर को उपसरपंच निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर सरपंच मीना नरेंद्र वस्त्रकार, पीठशीन भारद्वाज, सचिव रमेश पाटनवार, राजेंद्र राठौर, तुलेश्वर राठौर, सतीश तिवारी, रिंकू कुर्रे, अश्विनी राठौर, नवीन कुर्रे, टीनू राठौर,सरोजिनी राठौर, ललित राठौर, आशु राठौर, अजय राठौर, उमेश राठौर, जगदीश राठौर, प्रकाश राठौर, अमन राठौर, पिंकू राठौर, आशीष राठौर, अभिषेक राठौर सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।



## सरपंच समेत 19 पंचों ने शिवकुमारी को चुना उपसरपंच

**सेतगंगा/मुंगेली।** ग्राम पंचायत सेतगंगा में 19 पंचों ने सरपंच के साथ मिलकर शिव कुमारी योगेश शर्मा को सर्वसम्मति से निर्विरोध उप सरपंच चुना। शिवकुमारी ने अकेले नामांकन दाखिल किया। पीठासीन अधिकारी ने उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। निर्विरोध निर्वाचन के लिए शिव कुमारी ने सरपंच भारती देवांगन सहित सभी पंचों का आभार जताया। शिवकुमारी योगेश शर्मा के निर्विरोध उप सरपंच बनने से ग्राम पंचायत में काफी उत्साह की लहर रही। ग्राम के महंत राधेश्याम दास, केशव सिंह परिहार, राजेश गुप्ता, अशोक देवांगन, जयशंकर गुप्ता, राजेश दुबे, कन्हैया गुप्ता, किशन गुप्ता, मालिक टोण्डर, बाबू दास, जेठू देवांगन, संतोष चौहान, नरेश यादव, रामकुमार निषाद सहित गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शिवकुमारी योगेश शर्मा ने कहा कि सभी के सहयोग से ग्राम पंचायत परिक्षेत्र का तेजी से चहुंमुखी विकास कार्य कराए जाएंगे।



## 9 वोट के साथ सुनील ने जीत दर्ज की

**सेतगंगा/मुंगेली।** ग्राम पंचायत सिल्ली में उपसरपंच का चुनाव पीठासीन अधिकारी बलीराम साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें सुनील कुमार पात्रे को 9 वोट देकर उपसरपंच चुना। प्रिया अंचल को 6 वोट मिला। इस मौके पर सरपंच रामकली अश्वनी कुर्रे सहित गणमान्य नागरिकों ने उपसरपंच का स्वागत किया।

उपसरपंच सुनील रात्रे के निर्वाचन पर खुशी जताते हुए सरपंच रामकली कुर्रे ने कहा कि उपसरपंच व पंचों के साथ मिलकर गांव की चतुर्मुखी विकास कार्य करेंगे। ग्राम पंचायत सिंगारपुर पंडोतरा में शनिवार को हुए उपसरपंच चुनाव में श्रीराम यादव सर्वसम्मति से निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। उपसरपंच श्रीराम यादव के ने कहा कि पंचायत के सभी वार्डो में सरपंच पंचो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विकास कार्य कराया जायेगा। इस अवसर परं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें। ग्राम पंचायत बोदा से अनिता घृतलहरे उपसरपंच निर्विरोध बनीं।



उप सरपंच को प्रमाण पत्र देते पीठासीन अधिकारी।

# जीपीएम जिले का विकास अच्छे से हो हम सब की जिम्मेदारी: अटल

## कोटा विधायक ने पेंड्रा बाइपास का मुद्दा विधानसभा में उठाने की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव गौरेला पेंड्रा के एकदिवसीय प्रवास पर रहे। इस दौरान गौरेला में वे नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

श्री श्रीवास्वत ने भाजपा अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के सवाल पर कहा कि यह लोकतंत्र की खूबसूरती है कि चुनाव लड़ते समय एक दूसरे के खिलाफ होते हैं, उसके बाद सब मिलकर अपने क्षेत्र के लिए विकास का कार्य करते हैं। गौरेला औऱ पेंड्रा नगर पालिका बन गया है। हम सब की जिम्मेदारी है इसका विकास अच्छे से हो। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला नई ऊंचाइयों को छुए, यह हम सब का कर्तव्य बनता है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि विधानसभा सत्र के दौरान उन्होंने पेंड्रा बाईपास का मुद्दा उठाया है। मैंने बताया है कि 50 करोड़ की राशि का आबंटन पूर्व में हो गया है 50 करोड़ रुपए अतिरिक्त राशि की जरूरत और है। यदि इस वर्ष अतिरिक्त राशि की व्यवस्था नहीं हो पा रही है तो उक्त 50 करोड़ राशि का उपयोग किसानों को मुआवजा वितरण में कर जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही को पूर्ण कर लिया जाए या फिर सड़क को दो पार्ट में निर्माण प्रारंभ किया जाए, जिस पर पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मुआवजा वितरण करके बाईपास के निर्माण को शुरू किया जाएगा।



पत्रकारों से चर्चा करते विधायकट अटल श्रीवास्तव।

**प्रदेश अध्यक्ष को दी गुटबाजी की जानकारी** -जिले में चल रही कांग्रेस की गुटबाजी को लेकर उन्होंने कहा कि जिले में कुछ लोग अपने व्यक्तिगत हितों को लेकर काम कर रहे हैं, इसके बारे में प्रदेश अध्यक्ष औऱ प्रभारी सचिन पायलट को जानकारी दी है। कुछ दिनों बाद सभी चीजें ठीक हो जाएंगी। पेंड्रा गौरेला हमेशा से कांग्रेस का गढ़ रहा है, औऱ हमेशा रहेगा। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के दौरे के दौरान नगर पंचायत पेंड्रा के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, पूर्व एल्डरमैन ओमप्रकाश बंका, महामंत्री पुष्पराज सिंह सहित कई कांग्रेसी नेता भी मौजूद रहे।

# लहरिया ने की विभिन्न विकास कार्यों की मांग



**मस्तूरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के दौरान विधायक दिलीप लहरिया ने लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं नगरीय निकाय विभाग के अनुदान मांगो के चर्चा में भाग लेते हुए, मस्तूरी विधानसभा के विभिन्न गांव के विकास कार्यों की मांग की।

उन्होंने कस्बों में निर्मित पेयजल की विकराल समस्या को लेकर करीब 500 स्थान पर हैंडपंप एवं बोर खनन, विधानसभा मुख्यालय मस्तूरी में विश्राम गृह निर्माण, मल्हार मेंन गेट से मां डिंडेश्वरी मंदिर तक चौड़ीकरण एवं सड़क निर्माण करने सहित वर्षों से पगडंडियों में तब्दील हो चुके लांवर से सरसेनी मार्ग, बकरकुदा से मटिया मार्ग, चकरबेड़ा से खपरी मार्ग, भटचौरा से गोबरी मार्ग, पचपेड़ी से चिल्हाटी मार्ग (व्हाया केंवतरा पचपेड़ी भरारी विद्याडीह टांगर बोहारडीह लोहर्सी चिल्हाटी), मल्हार से चिल्हाटी मार्ग (व्हाया धनगवां ओखर गीधपुरी बहतरा भटचौरा, चिल्हाटी), सोनसरी से सबरिया डेरा के बीच सरारा नाला में पुल सहित मार्ग का निर्माण, अहिरन नंदी से खूंटाघाट बांध को जोड़ने एवं खूंटाघाट से 12 महीना जल प्रदान करने, खम्हरिया से सोठी जेवरा नवापारा अदराली मार्ग निर्माण करने, कैमाडीह से जुहली पिपरानार मार्ग निर्माण करने, कुकदा बाईपास मार्ग निर्माण करने, जयरामनगर ओवर ब्रिज का शीघ्र निर्माण कराने, ग्राम भगवानपाली से बिनौरी नहर मार्ग निर्माण कराने, सोनसरी से सोन बसंतपुर मुकुंदपुर उदईबंद तक सड़क मार्ग निर्माण कार्य, लोहर्सी से सोनसरी केनाल मार्ग निर्माण कार्य ,मस्तूरी से परसदा वेद केनाल मार्ग एवं भरारी व्यपवर्तन का उचित रखरखाव करने सहित क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए प्रमुख मांग की है।

## अखिल भारतीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन 19 से

**तखतपुर।** अखिल भारतीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन आयोजन 19 से 27 मार्च तक सांस्कृतिक भवन प्रांगण में किया गया है। जिसमें यजमान संतोषी पप्पू साहू है। आयोजन की तैयारी में रोहन सिंह, जुगलकिशोर पाण्डेय, अनिल सिंह, श्रवण सिंह सहित अन्य जुटे हुए हैं।

# धूम्रपान निषेध चित्रकला स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण बिलासपुर द्वारा आयोजित धूम्रपान निषेध चित्रकला प्रतियोगिता में बहुउद्देशीय उमा विद्यालय खम्हरिया के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में उपस्थित केन्द्राध्यक्ष एवं प्राचार्य शास उमा विद्यालय बिटकुला ने कहा कि नशा मुक्ति एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सामाजिक रूप से प्रासंगिक मुद्दा है, जो हमारे समाज में व्याप्त नशे की समस्या से निपटने के लिए आवश्यक है।

नशा करने से व्यक्ति का शरीर और मानसिक स्वास्थ्य नष्ट होता है। विद्यालय के संचालक अहमद मन ने कहा कि नशा आज हमारे समाज के लिए एक बहुत ही गंभीर समस्या बन चुका है, इसके कारण बहुत से युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। वहीं स्वास्थ्य संबंधी आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गरिमा पटेल ने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है। समाज को आगे आकर इससे छुटकारा पाने का दृढ़ संकल्प लेना होगा। इसके लिए विभिन्न नशामुक्ति केंद्रों की सहायता ली जा रही है। संस्था प्राचार्य बलराम यादव ने बच्चों के चित्रकला एवं स्लोगन पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशा मुक्ति के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को फिर से सही सकता है और समाज में एक सकारात्मक योगदान दे सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित धूम्रपान निषेध चित्र कला प्रतियोगिता में बहुऊदेशीय उमा विद्यालय खम्हरिया के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन पुरस्कार जीते। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एनके मरावी, आर दानिस, शोभा केवट, केपी वस्त्राकार, केपी पटेल, ईश्वरी टेंगवर, के के ठाकुर, एस ठाकुर, श्रिया यादव, अलका, राजेश कुमार, सरिता, नागेश्वरी, हेमा ठाकुर, रत्ना टंडन, ऋतु, गनेशिया, तेजस्वी आदि उपस्थित रहे।



बच्चे को सम्मानित करते हुए शिक्षक।

## दफ्तरों का चक्कर काट रहा किसान, अनशन की चेतावनी

**भर्रीडांड़।** मरवाही तहसीलदार कार्यालय में महीनों से भटक रहा किसान आमरण अनशन को मजबूर है। अफसरों को किसान को शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है। जिला तहसील कार्यालय में बी 1, खसरा, नक्शा आनलाइन करने हेतु खूबदास लहरे ने तहसीलदार मरवाही न्यायालय में आवेदन दिया था। जिसमें हल्का पटवारी 5 को दिया गया किन्तु उन्होंने महीनों से आनलाइन नहीं किया। तब किसान ने कलेक्टर कलेक्टोरेट में आवेदन दिया। किसान ने उक्त प्रकरण पर सुनवाई नहीं होने से तंग आकर आमरण अनशन करने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मरवाही को आवेदन दिया, लेकिन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने अनशन न करने को कहा और जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। इतने आवेदन के बाद किसान ने मंत्री श्याम विहारी जायसवाल को आवेदन दिया।

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला - मुंगेली (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र. - ......ब- 121/2025
क्रमांक/900/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 07.03.25

सर्वधारणा/ आम जनता ग्राम घोंघापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमदास पात्रे पति/ पिता श्री संतोष पात्रे जाति सत. साकिन घोंघापारा तहसील लालपुर थाना जिला - मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता / माता / पुत्री / पुत्र / दादा / दादी / भाई / बहन परदादी जुगरी बाई आ. श्री जुगरू के जन्म / मृत्यु दिनांक 13.05.2022 ग्राम घोंघापारा को हो जाने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 21.03.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वंय / अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.03.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**लालपुर थाना जिला - मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार मरवाही, जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. ..../ब-121
ग्राम मरवाही

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम मरवाही को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. रसीद पिता मो. रफीक निवासी ग्राम मरवाही जाति मोमिन तहसील मरवाही जिला गौ.पे.म.(छ.ग.) द्वारा आवेदक मो. रसीद पिता मो. रफीक निवासी ग्राम मरवाही जाति मोमिन तहसील मरवाही जिला गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक के स्वयं के जन्म दिनांक 21.12.1972 को ग्राम मरवाही में ही हुई है, आवेदक अपने स्वयं का जन्म पंजीयन किये जाने का अनुतोष चाहा गया है। उक्त आवेदन पत्र के आधार पर इस न्यायालय में प्रकरण पंजीबद्ध कर सुनवाई की जा रही है। उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में स्वयं/ अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दिनांक 11.03.2025 तक अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि उपरांत प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 13.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**मरवाही**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार संजय अग्रवाल पिता-राजेन्द्र अग्रवाल निवासी-तोरवा बिलासपुर (छ.ग.) कि भूमि ग्राम किरारी के खसरा नंबर के अतिरिक्त अन्य किसान के खसरा नंबर को शैलेष अग्रवाल पिता-मदन लाल अग्रवाल निवासी-विनोबा नगर बिलासपुर के द्वारा क्रय करने के लिए अपने द्वारा स्वयं स्टाम्प क्रय कर त्रुटिपूर्ण इकरारनामा वर्ष 2023 में बनाकर लाया गया एवं अन्य किसानो की भूमि क्रय करने के लिए विश्वास/भरोसा दिला कर मेरे पक्षकार से हस्ताक्षर लिया गया था, लेकिन त्रुटि होने के कारण मेरा पक्षकार इकरारनामा सुधार कर लाने की बात कहा गया, उक्त इकरारनामा में न तो मेरे पक्षकार की फोटो चस्पा किया गया है, न ही आधार कार्ड संलग्न है, त्रुटि होने के कारण से नोटरी नहीं किया गया था, लेकिन क्रेता शैलेष अग्रवाल के द्वारा बिना छायाप्रति दिये उक्त इकरारनामा को लेकर चले गये थे, इस प्रकार उक्त इकरारनामा के पूर्व चेक के माध्यम से दिये गये बयाना राशि का मय ब्याज सहित मांग कर रहे है, उसके बाद से न तो रजिस्ट्री कराने हेतु क्रेता शैलेष अग्रवाल इच्छुक है, और न ही बयाना राशि वापस लेने के लिए तैयार है, मेरा पक्षकार ब्याज देने में असमर्थ है, बयाना राशि वापस करने को तैयार है, मेरे पक्षकार के पास उपलब्ध खसरा नंबर की भूमि के अतिरिक्त क्रेता शैलेष अग्रवाल द्वारा अन्य किसानो का खसरा लिखकर मेरे पक्षकार का हस्ताक्षर लिये जाने के कारण दबाव बना रहे है, झूठे प्रकरण में फसाने की धमकी दिये है, मेरा पक्षकार ब्याज देने में असमर्थ होने के कारण इस संबंध में शैलेष अग्रवाल को विधिक सूचना पत्र अनेको बार दिया जा चुका है, एवं इस संबंध में पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर, पुलिस अधीक्षक बिलासपुर, एवं संबंधित थाने को भी लिखित शिकायत/सूचना दिया जा चुका है, पूर्व में किये गये त्रुटीपूर्ण इकरारनामा को निरस्त किया जाता है। सो सूचना जाने

भवदीय
शुभेन्दु नस्कर,अधिवक्ता
पता-लालखदान, बिलासपुर मो. 9827181564

**अहलूवालिया हॉस्पिटल**
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जॉच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ का होली मिलन आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 10 मार्च को शाम 4 बजे बृहस्पति बाजार गार्डन में आयोजित की गई है। संघ के अध्यक्ष अशोक ठाकरे ने बताया कि इस अवसर पर नए वर्ष की सदस्यता एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### आयुर्वेद महाविद्यालय में आज होगा स्वर्ण प्राशन

**बिलासपुर।** सरकंडा नूतन कालोनी स्थित शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के बाल रोग (कौमारभृत्य) विभाग द्वारा 10 मार्च सोमवार को पुष्य नक्षत्र के अवसर पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक स्वर्ण प्राशन किया जाना है। स्वर्ण प्राशन से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है, उनके शारीरिक तथा मानसिक विकास में सहायता होती है। इसके नियमित प्रयोग से बच्चों की मेधा एवं स्मृति का वर्धन भी होता है। इस की प्रमाणिकता वैज्ञानिक आधार पर सिद्ध हो चुकी है। आने वाले प्रत्येक माह के पुष्य नक्षत्र में यह स्वर्ण प्राशन बाल रोग विभाग की बहिरंग रोगी विभाग में किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी सूचना विभाग से ली जा सकती है। विभाग द्वारा गत फरवरी माह 2023 से यह आयोजन किया जा रहा है।जिन बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया उनकी वजन और ऊंचाई में बेहतर फर्क देखने को मिला है। उनकी बौद्धिक क्षमता में भी विकास पाया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बिलासपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट हुई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा निवासी भानू सूर्यवंशी 30 साल रोजी मजदूरी का काम करता था। शनिवार की सुबह वह घर से काम पर निकला था। देर शाम तक घर नहीं आने पर परिजन ने पतासाजी करने निकले तो जानकारी मिली कि शनिचरी रपटा के पास एक युवक सड़क हादसे में घायल होकर पड़ा है। परिजन मौके पर गए तो वह भानू सूर्यवंशी था। उसे इलाज के लिए सिम्स पहुंचे जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### बीमारी से त्रस्त युवक ने नस काटकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** बीमारी से तंग आकर युवक ने हाथ की नस काटकर



खुदकुशी कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, महामाईपारा निवासी ज्ञानेंद्र शर्मा 45 साल की रविवार की सुबह घर में लाश मिलने व आसपास में खून बिखरे रहने से सनसनी फैल गई। पूछताछ में पता चला कि मृतक बीमारियों से परेशान चल रहा था। इलाज के बाद भी स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर उसने हाथ के कलाई का नस काटकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

**अतिक्रमण करके कई जगहों पर तो मकान और दुकान भी बन गए हैं** | लगातार शिकायत के बाद अब मौके पर सीमांकन कराया जा रहा

# मंगला हाउसिंग बोर्ड की 6 एकड़ जमीन पर कब्जा, बिना अनुमति बन रहे मंच का काम रोका गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छग गृह निर्माण मंडल मंगला की 6 एकड़ जमीन पर दलालों ने कब्जा कर लिया है। यही नहीं इस जमीन पर प्लाट काटकर उसे बेच भी दिया गया है। बड़ी बात यह रही कि यह सब होता रहा और हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी सोते रहे। यही नहीं पटवारी और राजस्व निरीक्षक ने भी ध्यान नहीं दिया। कालोनी के निवासियों ने जब इस बारे में लगातार शिकायत की तो सबकी नींद खुली और अब मौके पर सीमांकन कराया जा रहा है। दो बार सीमांकन हो चुका है।

दीनदयाल कालोनी मंगला के व्यवासायिक कॉम्पलेक्स के नीचे जो पार्किंग एरिया हैं उसमें बिना किसी अनुमति के पार्षद मद से मंच निर्माण कार्य किया जा रहा है।



दीनदयाल कॉलोनी मंगला के व्यवासायिक कॉम्प्लेक्स के नीचे निर्माणाधीन मंच।

इसका स्थानीय कालोनीवासी विरोध भी कर रहे हैं। अब इस मामले में हाउसिंग बोर्ड की ओर से पार्षद को नोटिस जारी किया गया है। ज्ञात हो कि दीनदयाल कालोनी मंगला वार्ड नंबर 13 में आता है। यहां छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के द्वारा 82 एकड़ भूमि पर कालोनी बनाई गई है। जिस समय यह कालोनी बनी थी उस दौरान करीब 10 एकड़ जमीन खाली छोड़ दी गई थी। यहां तक की हाउसिंग बोर्ड की ओर से बाउंड्रीवाल तक नहीं बनाई गई थी। इसका फायदा कुछ जमीन दलालों ने उठाया और लगातार कब्जा किया जाने लगा है। इन दलालों ने अगल बगल की कुछ जमीन खरीदी और हाउसिंग बोर्ड की खाली जमीन को अपने कब्जे में ले लिया। इसमें अवैध प्लाटिंग की गई और बेच भी दिया गया। इसमें से कई जगहों पर तो मकान और दुकान भी बन गए हैं। यही नहीं गार्डन के लिए छोड़ी गई जमीन पर भी कब्जा करते हुए निर्माण किया जा रहा है। कालोनी में ही पार्षद निधि से हो रहे मंच निर्माण को फिलहाल रोक दिया गया है।

### 82 एकड़ जमीन का सीमांकन अधूरा

लोगों की शिकायत में यह भी कहा गया है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के मकान के अंत मे बंद रोड है। यहां हाउसिंग बोर्ड द्वारा बाउंड्री बनाई जानी है। जमीन दलाल लेकिन कालोनी के निवासियों को डरा धमकाकर जबरदस्ती पहुंच मार्ग बना रहे हैं जबकि दीनदयाल कॉलोनी के रोड पहले ही संकरी है। यही नहीं जमीन दलालों द्वारा दो बड़े हरे पेड़ भी काटे जा रहे हैं। इन दलालों ने कालोनी की सेप्टिक टैंक को भी तोड़ दिया है और वहां से सड़क बना दी है। अपर संचालक एमडी पनारिया के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड द्वारा शिकायत के बाद पूरी 82 एकड़ जमीन का सीमांकन कराया जा रहा है। क्षेत्र बड़ा है इसलिए समय लग रहा है। दो पार सीमांकन हो चुका है। जल्द ही रिपोर्ट के बाद कब्जे को खाली कराया जाएगा।

### रोक दिया गया है अवैध निर्माण

मंगला में हाउसिंग बोर्ड द्वारा 82 एकड़ भूमि पर दीनदयाल कालोनी बनाई गई है। जिस समय यह कालोनी बनी थी उस दौरान काफी खाली जमीन छोड़ दी गई थी। बाउंड्रीवाल भी नहीं बनाई गई थी। इसमें कुछ खाली जमीन पर कब्जे की शिकायत मिलने के मौके के बाद का सीमांकन कराया जा रहा है। अवैध निर्माण को फिलहाल रोक दिया गया है।

**- एमडी पनारिया**, अपर संचालक, हाउसिंग बोर्ड

गांधी चौक से दयालबंद, जूना बिलासपुर, तारबहार चौक तक की सड़कों पर कब्जा

# नक्शे और मास्टर प्लान में 70 फीट चौड़ी कई सड़कें कब्जे के कारण रह गईं आधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की कई सड़कें ऐसी हैं जो नक्शे और मास्टर प्लान में 70 फिट से अधिक हैं। कब्जे और अतिक्रमण के कारण सड़कें सिकुड़ कर आधी रह गई हैं। गांधी चौक से दयालबंद, गांधी चौक से जूना बिलासपुर, गांधी चौक से तारबहार चौक तक की सड़कें इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इसके साथ ही साइंस कालेज से बसंत विहार, राजकिशोर नगर चौक से मोपका चौक, महामाया चौक से नूतन चौक तक की सड़कें कब्जे की भेंट चढ़ गई हैं। सत्यम चौक से अग्रसेन चौक, मंगला चौक से कलेक्टोरेट तक भी यही हाल है। निगम बीच बीच में कार्रवाई भी करता है लेकिन दुकानदार और कब्जेधारी मानने को तैयार ही नहीं है। इसी कारण ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।

- **निगम की कार्रवाई का भी असर नहीं**

शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने और पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए प्रशासन की कोशिशें नाकाम साबित हो रही हैं। अधिकांश सड़कों पर दोनों तरफ कब्जा है। अधिकांश फुटपाथों पर अतिक्रमण कर लिया गया है। यह एक ऐसी समस्या है, जो वर्षों से चली आ रही है और अभी तक इसका कोई उपयुक्त समाधान नहीं खोजा जा सका है। दुकानदारों का सामान दुकानों में कम सड़क पर अधिक रखा जाता है। सड़क पर कच्चे निर्माण कर लिए गए हैं तो शेड बना लिए गए हैं। बाजार में भीड़ होने के कारण कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं, लेकिन दुकानदार अपनी आदत से मजबूर बने हुए हैं। शहर में शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा जहां पर कब्जा न हो। सड़कों पर सब्जी-फल, पेय पदार्थ, चाट, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कपड़े का कारोबार तक हो रहा है।



गांधी चौक से तारबाहर जाने वाली सड़क कब्जाधारियों की भेंट चढ़ गई है। सड़क पर लगा रहता है जाम।

### सिम्स चौक से गांधी चौक तक लगातार जाम

शहर की संकरी सड़कों और तंग गिलियों के कारण लगातार लोग परेशान हो रहे हैं। सिम्स चौक से गांधी चौक की दूरी करीब 3 किलो मीटर है। यहां से दिनभर में 5 लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। दिन में इस सड़क पर लगातार जाम की स्थिति रहती है। 3 किलो मीटर की दूरी तय करने में कार चालकों को एक घंटा लग रहा है। त्यौहारी सीजन में खासकर शहर की सड़कों पर सिर्फ पैदल चला जा सकता है। संभाग के सबसे बड़े बाजार यहां होने के कारण बड़े व्यापारी खरीरदारी करने शहर आते हैं। साथ ही त्यौहार में खरीदारी करने और फुटपाथ पर छोटी दुकानें लगाने वालों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में सड़क पर जाम लगता है और लोग कई घंटों तक फंसे रहते हैं।

### अतिक्रमण हटाने पर बवाल

इधर, शहर की सड़कों पर दुकान संचालकों और ठेले वालों का कब्जा रहता है। इसके चलते सड़कें सकरी हो गई हैं। इससे ट्रैफिक भी बाधित होता है। लगातार शिकायत के बाद नगर निगम के अतिक्रमण शाखा और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। कार्रवाई गांधी चौक से शुरू हुई, जो जगमल चौक और तोरवा चौक तक चली। इस दौरान लगभग सभी जगहों पर जमकर विवाद हुआ। इसके बाद निगम ने पुराना बस स्टैंड, तेलीपारा, शनिचरी समेत अन्य जगहों में जाकर ट्रैफिक बाधित करने वाले ठेले को जब्त किया। अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा ने बताया कि लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### बढ़ाई जाएगी चौड़ाई

अवैध कब्जे और अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई जारी है। सड़कों को नक्शे के मुताबिक चौड़ा किया जाएगा।

**- खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त, नगर निगम

आरईएस ने निरस्त किए 25 काम

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में लेटलतीफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूलों के मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष निर्माण का काम आरईएस को मिला था, लेकिन ठेकेदारों द्वारा स्कूलों के काम में लेटलतीफी की जा रही है। इसके चलते आरईएस ने कोटा ब्लॉक के 25 कार्यों को निरस्त कर दिया है और दूसरे ठेकेदार को काम देकर नए सिरे वर्क आर्डर जारी किया गया है।

- **नए सिरे से जारी किए गए वर्क आर्डर**

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना का काम थोक में आरईएस को मिला हुआ है और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों की मरम्मत एवं अतिरिक्त कक्ष का निर्माण मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना तहत कराया जा रहा है। लेकिन इस काम की गति धीमी चल रही है। यहां तक कई ठेकेदारों ने तो कुछ जगहों पर काम ही शुरू नहीं किया था। कोटा ब्लॉक में भी ठेकेदारों द्वारा 25 स्कूलों के काम शुरू नहीं किए गए थे। इस पर आरईएस ने उन कार्यों को निरस्त कर दिया है और उन ठेकेदारों की जगह पर दूसरे ठेकेदारों को काम देकर नए सिरे से वर्क आर्डर जारी किया है। उल्लेखनीय है कि बीच में कलेक्टर के निर्देश पर आरईएस द्वारा मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्यों का सर्वे कराया गया था। इसमें बड़ी संख्या में अधूरे कार्य पाए गए थे। कई जगहों पर स्कूलों के छत के प्लास्टर उखड़ गए थे या छत से पानी टपकने, सीपेज आने जैसी शिकायत थी। कहीं पर पुट्टी नहीं किया गया था तो कहीं खिड़की, दरवाजा नहीं लगाया गया। इस पर आरईएस की ओर से ऐसे 78 ठेकेदारों को नोटिस जारी किया गया था और उनसे अधूरे कार्यों को पूर्ण कराया गया था।

### 77 स्कूलों का काम अभी भी बाकी

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजनान्तर्गत आरईएस को 846 स्कूलों में मरम्मत, अतिरिक्त कक्ष निर्माण का कार्य मिला था। इसमें जिले के चारों ब्लॉक कोटा, मस्तूरी, तखतपुर व बिल्हा के स्कूल शामिल हैं। काफी लेटलतीफी के बाद इनमें से 769 स्कूलों का काम पूरा हो पाया है, जबकि 77 स्कूलों का काम अभी भी आरईएस के पास बाकी है।

### कुछ जगहों पर जमीन को लेकर विवाद

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना तहत कुछ जगहों पर जमीन को लेकर भी विवाद है जिसके चलते वहां पर काम शुरू नहीं हो पाया था। स्कूल में अतिरिक्त कक्ष के लिए जमीन की समस्या आ रही है इसलिए उन जगहों पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

### की गई चार करोड़ रुपए की मांग

योजना का काम पूरा नहीं हुआ है इसलिए आरईएस को स्कूल शिक्षा विभाग से भुगतान भी अटका हुआ है। आरईएस द्वारा करीब चार करोड़ राशि का डिमांड स्कूल शिक्षा विभाग को भेजा गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के पास भी शासन से राशि नहीं आया है इसलिए आरईएस को राशि नहीं दिया गया है।

### नया वर्क आर्डर किया गया है जारी

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के जो काम अधूरे थे उन्हें ठेकेदारों को नोटिस देने के बाद पूर्ण करा लिए गए हैं। कुछ जगहों पर काम चालू नहीं हो रहा था इसलिए उन कार्यों को निरस्त कर दूसरे ठेकेदारों को नया वर्क आर्डर जारी किया गया है। स्कूल जतन के बचे हुए कार्यों को ठेकेदारों को मार्च तक पूरा कराने कहा गया है।

**-एएस राज,** ईई आरईएस

# गमछा से गला दबाकर की थी भाभी की हत्या, आरोपी देवर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गमछा से गला दबाकर बेवा भाभी की हत्या करने वाले फरार देवर को पुलिस ने पकड़ लिया है। संबंध बनाने से मना करने पर देवर ने भाभी की हत्या कर दी थी।

सीपत पुलिस के अनुसार, खैरा निवासी राजकुमारी बर्मन 38 साल पति की मृत्यु के बाद मायके में बच्चों के साथ रह रही थी। विगत दो माह से उनके देवर तेलसरा निवासी संजय बृजवासी उनके घर आना जाना कर रहा था। 7 मार्च को उसने अपने भाभी की गमछा से गला दबाकर हत्या कर दी और गमछा खाट में बांध दिया। उसके बाद उसने अपनी बेटी व दोस्त को फोन कर भाभी की हत्या करने व स्वयं खुदकुशी कर लेने की बात कहकी फोन बंद कर लिया था। पुलिस उसके तलाश में जुटी हुई थी। शनिवार की रात उसके मोबाइल का लोकेशन चकरभाठा एयरपोर्ट के पीछे मिला। टीआई गोपाल सतपथी स्टाफ के साथ एयरपोर्ट के पीछे बांध के पास घेराबंदी करते हुए एक पेड़ के नीचे सोए हुए आरोपी



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

संजय बृजवासी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बेवा भाभी की हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने बेवा भाभी को दूसरे व्यक्ति के साथ देख लिया था। उसने अपने साथ संबंध बनाने को बोला। बेवा ने मना किया उसने गमछा से गला दबाकर हत्या करना बताया है। तीन दिन पहले भी इसी बात को लेकर देवर भाभी के बीच विवाद हुआ था। पुलिस ने आरोपी देवर को गिरफ्तार कर लिया है।

### किराएदार ने दी जान से मारने की धमकी

**बिलासपुर।** मकान खाली करने के विवाद पर मकान मालिक को जातिगत गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाले किराएदार के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। अजाक थाना से मिली जानकारी के अनुसार, जरहाभाठा में रहने वाले नागेन्द्र कश्यप पिता सुरेश कश्यप 33 साल का कुदुदण्ड में मकान है। उन्होंने उक्त मकान को उमेश मिश्रा को किराए में दिया है। मकान को किराए में लेने के बाद श्री मिश्रा अपने हिसाब से बदलाव करना शुरू कर दिया। साथ ही किराए देना भी बंद कर दिया। मकान मालिक ने किराएदार को मकान खाली करने को कहा तो उसने इनकार कर दिया। वहीं उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना की शिकायत अजाक थाने में की थी। जांच के बाद अजाक पुलिस ने किराएदार उमेश मिश्रा व उसकी पत्नी ममता मिश्रा के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# फंड की कमी: नहीं बन सका 4 सी एयरपोर्ट

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में सुविधाओं की कमी के चलते बड़े विमान का परिचालन संभव नहीं हो सका है, फंड की कमी के कारण 4सी एयरपोर्ट बनाने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने राज्य और केन्द्र सरकार से 300 करोड़ का बजट एयरपोर्ट विकास के लिए मांगा है।

छत्तीसगढ़ के दूसरे प्रमुख शहर बिलासपुर में सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट की आवश्यकता है। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में रनवे



की लंबाई 1500 मीटर के आसपास है। जहां बोइंग और एयर बस का परिचालन नहीं किया जा सकेगा। यही कारण है कि देश के चारों दिशाओं में महानगरों तक सीधी हवाई सेवा भी उपलब्ध नहीं हो सकी है। पूर्ण सुविधायुक्त 4सी श्रेणी का एयरपोर्ट बनाने 300 करोड़ रूपए की जरूरत है, परंतु राशि का ना आबंटन किया गया है। साथ ही भारतीय सेना के कब्जे की जमीन भी एयरपोर्ट प्रबंधन को वापस नहीं हो सका है।

इन्हीं मुद्दों को लेकर समिति के प्रतिनिधियों ने महापौर पूजा विधानी से मुलाकात कर एमआईसी में प्रस्ताव पास कर राज्य और केंद्र सरकार को भेजने का आग्रह किया है। इस दौरान महेश दुबे टाटा, मनोज तिवारी, केशव गोरख, दीपक कश्यप, अनिल गुलहरे, पवन पांडे, अमर बजाज, प्रकाश बहरानी, गोपाल दुबे, नीरज अवस्थी, सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# खण्डहर में गांजा बेचते महिला गिरफ्तार, 16 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने खण्डहरनुमा मकान में दबिश देकर एक महिला को 16 किलो गांजा व बिक्री की रकम के साथ गिरफ्तार किया है।

सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह को मुखबिर से सूचना मिली, तिफरा यादव नगर पानी टंकी के पास खण्डहर में एक महिला भारी मात्रा में गांजा रखकर बिक्री कर रही है। श्री सिंह, विरेन्द्र धनकर केशव मार्को, संदीप शर्मा व अन्य ने खण्डहर में दबिश देकर यादव मोहल्ला निवासी राजलक्ष्मी वर्मा पति सुरेन्द्र वर्मा 27 साल को पकड़ लिया।

पूछताछ में वह गांजा बेचने से इनकार कर रही थी। तलाशी लेने पर एक प्लास्टिक के बोरी 16 किलो गांजा व बिक्री रकम 5 हजार रुपए मिला। जब्त गांजा की कीमत 1 लाख 65 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई,
25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल),
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी,
काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर,
पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर,
डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर,
फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
21 मार्च 2025
02 अप्रैल 2025
11 अप्रैल 2025
09 मई 2025
23 मई 2025
06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)